# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 17 ■ अंक - 21 ■ अम्बिकापुर, शुक्रवार 09 जनवरी 2026 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


# गर्भवती शिक्षिका ने चेहरे में थप्पड़ और पेट में घूंसा मारने सहित लगाए गंभीर आरोप

## प्राचार्य की हरकत ने शिक्षा के मंदिर को किया शर्मसार, निलंबित करने उठी मांग



**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** जिले के कुसमी विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसकेपी में पदस्थ एक महिला शिक्षिका के साथ अमानवीय व्यवहार व मारपीट करने का गंभीर मामला सामने आया है। गर्भवती शिक्षिका ने विद्यालय के प्राचार्य पर गाली-गलौज मारपीट और सेवा पुस्तिका खराब करने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़िता श्रीमती अनिमा लकड़ा, उक्त विद्यालय में व्याख्याता भूगोल के पद पर पदस्थ हैं। गणेश मोड़ पुलिस चौकी में लिखित शिकायत देकर शिक्षिका ने बताया है कि 6 जनवरी को उन्होंने ऑनलाइन एक दिन का आकस्मिक अवकाश लिया था, और 7 जनवरी को प्रातः 10 बजे के पहले नियमित रूप से विद्यालय पहुंचीं। आरोप है कि विद्यालय के प्राचार्य मंगना राम ने उन्हें जान-बूझकर उपस्थिति पंजी में अनुपस्थित दर्शाया और पूछताछ करने पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया। इतना ही नहीं, प्राचार्य द्वारा अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए सेवा पुस्तिका खराब करने और जीवन बर्बाद कर देने की धमकी दी। प्राचार्य पर शिक्षिका ने मारपीट, चेहरे पर थप्पड़ और पेट में घूंसा मारने का भी गंभीर आरोप लगाया है। आठ माह की गर्भवती शिक्षिका ने बताया है कि इस घटना के बाद उन्हें पेट में तेज दर्द की शिकायत हुई। घटना के समय विद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद था।

### टीचर्स एसोसिएशन ने की निंदा

छत्तीसगढ़ टीचर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पवन सिंह ने कहा कि हाई स्कूल के प्राचार्य मंगना राम के द्वारा किए गए कृत्य की जितनी निंदा की जाए कम है। संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर प्राचार्य को निलंबित करने की मांग की है। उन्होंने मामले में कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

मामले की जांच के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुसमी को भेजा गया है, विस्तृत जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।
**मनी राम यादव**
**जिला शिक्षा अधिकारी**

### टीपर वाहन की ठोकर से घायल बाइक सवार की मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सोल्ड टीपर वाहन की ठोकर से घायल युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक लुंड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम दोरना का संतोष नगेसिया पिता घूरन नगेसिया 37 वर्ष, बुधवार को गंगापुर निवासी परिचित के यहां दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने गया था। शाम को मोटरसायकल से वापस जाते समय ग्राम चेंद्रा में लालमाटी के पास रिंकू गुप्ता नामक व्यक्ति के सोल्ड टीपर वाहन ने ठोकर मार दिया। युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाया गया, यहां आपातकालीन चिकित्सा परिसर में जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

# एसीबी की टीम ने महिला एवं बाल विकास कार्यालय के लिपिक को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

## भृत्य से किया था 40 हजार की मांग, 30 हजार लेने के बाद बाइक भी अपने कब्जे में रखा था



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** महिला एवं बाल विकास जिला कार्यालय में एंटी करप्शन ब्यूरो ने कार्रवाई करते हुए सहायक ग्रेड-02 (लिपिक) गिरीश कुमार वारे को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी लिपिक पर ट्रांसफर के नाम पर रिश्वत मांगने और वसूली का गंभीर आरोप है।

जानकारी के मुताबिक, आरोपी लिपिक ने कार्यालय में पदस्थ एक भृत्य से 40 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। एसीबी ने शिकायत की पुष्टि के बाद जाल बिछाया और जैसे ही आरोपी ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

### आरोपी पहले भी ले चुका था रिश्वत

जांच में सामने आया है कि आरोपी लिपिक ट्रांसफर कराने के नाम पर पहले ही 30 हजार रुपये वसूल चुका था। इतना ही नहीं, पैसे नहीं देने पर उसने दबाव बनाने के लिए भृत्य की पल्सर बाइक जबरन अपने कब्जे में रख ली थी, जो मामला और भी गंभीरता हो गया।

### और भी तथ्य उजागर होने की संभावना

एसीबी की टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है। दस्तावेजों की जांच व अन्य संभावित लेन-देन की भी पड़ताल की जा रही है। इस मामले में और खुलासे होने की संभावना बनी हुई है। एंटी करप्शन ब्यूरो की लगातार चल रही कार्रवाई के बाद भी सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार की जड़ों का समाप्त नहीं होना चिंतनीय है।

# डीएनए रिपोर्ट आने के बाद प्रशासन ने कब्र से शव निकलवाकर परिजनों को सौंपा

## पुत्र की मौत के बाद शव के लिए भटक रहे थे परिजन, दो माह बाद मिला शव





■ **देवीपुर के एक सुनसान कुएं में एक नबम्बर को मिला था युवक का शव**

**छ.ग.फ्रंटलाइन सूरजपुर।** बेटे की मौत के करीब दो महीने बाद स्वजन को अब जाकर धार्मिक व सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार का मौका मिल पाया है। प्रशासन ने आज कब्र से निकलवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

एक नवम्बर को नगर सीमा से लगे देवीपुर के एक सुनसान कुएं में युवक का शव मिला था। आनन-फानन में पुलिस ने बगैर किसी पुख्ता पहचान के शव को चंद्रपुर के एक परिवार को सौंप दिया और उस परिवार ने अपना पुत्र पुरषोत्तम समझ अंतिम संस्कार कर दिया, लेकिन जब तीसरे दिन के कार्यक्रम के लिए परिजनों को सूचना दी तो पता चला कि पुरषोत्तम तो जिंदा है। इस किरिकरी के बाद पुलिस यह पता कर रही थी कि शव किसका है, तभी महुआ पारा के एक परिवार ने शव पर अपना पुत्र होने का दावा किया तो पुलिस ने डीएनए करा कर किसी नतीजे पर पहुंचने का निर्णय लिया। डीएनए रिपोर्ट आने के बाद तय हो गया है कि कुएं में मिला शव किशन देवांगन नामक युवक का ही है, तो आज नायब तहसीलदार इजराइल खान की उपस्थिति में शव को कब्र से निकलवा कर स्वजन के हवाले कर दिया गया। स्वजन अब धार्मिक व सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार कर सकेंगे।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल आए ग्रामीण के जेब से 5 हजार रुपये पार



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल हेल्थ मिशन की कड़ी से जोड़ने की पहल की गई है। इसी क्रम में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय में भी इंटीग्रेटेड हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम के सफल क्रियान्वयन की दिशा में कदम उठाए गए हैं। मरीजों को कतार से मुक्ति दिलाने के लिए आभा ऐप से अस्पताल के क्यूआर कोड को स्कैन करके टोकन नंबर प्राप्त करके मरीज पर्ची प्राप्त करते हैं। इस दौरान लगने वाली भीड़ का फायदा उठाकर किसी मौकापरस्त ने एक ग्रामीण के जेब से 5 हजार रुपये पार कर दिया।

जानकारी के मुताबिक सरगुजा जिला के मैनपाट क्षेत्र से सर्वेश्वर यादव अपने रिश्तेदार दिलराम को जांच उपचार के लिए लेकर गुरूवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर पहुंचा था और ओपीडी के पास लगी भीड़ के बीच आभा ऐप से टोकन प्राप्त करने के लिए मशक्कत कर रहा था, इसी बीच पैंट के जेब से रबर में बांधकर रखे गए पांच हजार रुपये को अज्ञात लोगों ने पार कर दिया। पैंट के जेब में हाथ फेरने पर उसे रुपये गायब होने का एहसास हुआ और वह इसकी जानकारी आसपास मौजूद लोगों को आभा ऐप डाउनलोड करने में सहयोग कर रहे लोगों को दिया। रुपये का पता नहीं चलने पर वह इसकी जानकारी देने के लिए अस्पताल के पुलिस सहायता केंद्र में पहुंचा, लेकिन रुपये गायब करने वाले का पता नहीं चल पाया है।

# मुख्यमंत्री सहित दिग्गजों ने स्व. स्वर्णलता सिंहदेव को पुष्पांजलि अर्पित करके किया नमन

## छ.ग. गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष की माता के देवलोक गमन पर ब्रह्मभोज व चंदनपान कार्यक्रम में शामिल हुए





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को अंबिकापुर में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव की माता स्व. श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव के ब्रह्मभोज एवं चंदनपान कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।

उल्लेखनीय है कि विगत 26 दिसम्बर 2025 को श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव का निधन हो गया था। इस दौरान क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद चिंतामणि महाराज, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो, वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैंकरा, भूपेंद्र सवनी अध्यक्ष क्रेडा, श्रीनिवास राव मद्दी अध्यक्ष बेवरेज कारपोरेशन, लवकेश कावड़िया अध्यक्ष नि:शक्त जन आयोग, सुरेंद्र बेसरा अध्यक्ष अंत्यावसायी प्रकोष्ठ, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक, पूर्व सांसद राजनांदगांव अभिषेक सिंह, सामरी विधायक उद्देश्वरी पैंकरा, भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, प्रदेश महामंत्री भाजपा अखिलेश सोनी, महामंत्री नवीन मारकंडे, पूर्व सांसद गुहा राम अजगले, पूर्व विधायक विजय नाथ सिंह, सहकारी बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष रजनीश सिंह, सहकारी बैंक सरगुजा अध्यक्ष रामकिशुन सिंह, गुरपाल भल्ला, प्रबल प्रताप सिंह जुदेव, संयोगिता सिंह जुदेव, हर्षिता पाण्डेय, अनिल सिंह मेजर, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, महापौर मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिलाध्यक्ष भाजपा भारत सिंह सिसोदिया, गृह निर्माण मंडल के आयुक्त अवनीश कुमार शरण, कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

### परिवार के मौजूदगी में नकदी सहित 2 लाख का जेवरात ले गए चोर

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जरहागढ़ में देर रात चोरों ने घर को खंगालकर नकदी सहित करीब दो लाख रुपये का जेवरात चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाना में दर्ज कराई गई है, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक बीते 27 दिसम्बर 2025 को मोहम्मद मेहताब सिद्दीकी अपने पिता अब्दुल अहमद सिद्दीकी एवं पत्नि हासमिन परवीन के साथ घर में था। रात को करीब 10 बजे खाना खाकर सभी सो गए थे। सुबह उठकर देखे तो बगल के रूम में अलमारी को गेट खुला हुआ है और पूरा सामान बिखरा पड़ा था। घर में सो रहे परिवार को चोरी की भनक भी नहीं लग पाई। सामान का मिलान करने पर अलमारी के अंदर रखा कान का झुमका, मंगलसूत्र 02 नग, एक अंगूठी, चांदी का पायल, करधन, चांदी का कंगन, सोने का मांग टीका एवं नगद लगभग 55 हजार रुपये नहीं था। पुलिस मामले में अग्रिम जांच कार्रवाई कर रही है।

# 2600 क्विंटल धान कम मिलने पर जगदम्बा राइस मिल लखनपुर सील

## धान उठाव में अनियमितता पर प्रशासन की संयुक्त टीम ने जांच के बाद की कार्रवाई



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जिले में धान उपार्जन एवं मिलिंग व्यवस्था की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में लखनपुर स्थित जगदम्बा राइस मिल में जांच के दौरान धान के भौतिक उठाव में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर लखनपुर तहसीलदार अंकिता पटेल, नायब तहसीलदार व खाद्य निरीक्षक के संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मिल की सील कर दिया है। जांच में यह तथ्य सामने आया कि राइस मिल द्वारा अभिलेखों में कुल 13,480 क्विंटल धान उठाव दर्शाया गया था, जबकि मौके पर किए गए भौतिक सत्यापन में केवल 10,880 क्विंटल धान ही उपलब्ध पाया गया। इस प्रकार कुल 2,600 क्विंटल धान की कमी पाई गई, जो निर्धारित नियमों एवं शर्तों के विपरीत है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए नियमानुसार जगदम्बा राइस मिल लखनपुर को सील कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है, जांच पूर्ण होने के पश्चात संबंधित राइस मिल प्रबंधन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासन की धान उपार्जन एवं मिलिंग व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही अथवा गड़बड़ी को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण एवं जांच अभियान निरंतर जारी रहेंगे, ताकि कृषकों के हितों की पूर्णत: रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### भारतीय अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली का आयोजन धमतरी में 10 से 24 तक

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** भारतीय अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली का आयोजन 10 जनवरी से 24 जनवरी तक इंडोर स्टेडियम धमतरी में किया जाएगा। भर्ती रैली में राज्य के सभी 33 जिलों से पुरूष अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर टेक्निकल एवं अग्निवीर ट्रेडमेन के पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसमें सरगुजा जिले के अभ्यर्थियों के लिए 10 जनवरी, 20 जनवरी एवं 21 जनवरी को उपस्थित होने हेतु तिथि निर्धारित किया गया है। आवेदकों के ठहरने के व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई है। जिले के ऐसे समस्त अभ्यर्थी जो सीईई परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं, उनको अपने एडमिट कार्ड एवं रैली अधिसूचना के अनुसार सभी दस्तावेज तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाइल के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। उक्त संबंध में अधिक जानकारी हेतु सेना भर्ती कार्यालय नवा रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-2965212 में संपर्क कर सकते हैं।






# निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का छज्जा गिरने से मलबे में दबे स्कूली छात्र की मौत

## भोजनावकाश में खेलते-खेलते पहुंच गया था भवन के पास, जांच के बाद चिकित्सक ने मृत घोषित किया





**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर/वाड्रफनगर।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के वाड्रफनगर विकासखंड अंतर्गत ग्राम शारदापुर खुटहनपारा पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकों की लापरवाही से एक छात्र की जान चली गई। गुरुवार को कक्षा छठवीं का छात्र अन्य कुछ विद्यार्थियों के साथ भोजन अवकाश में खेलते-खेलते विद्यालय के पीछे बन रहे निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन में पहुंच गया था। इसी बीच भवन का छज्जा गिरने से वह मलबे में दब गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। विद्यालय की शिक्षिका पूजा गुप्ता का कहना है कि मध्यान्ह भोजन अवकाश के दौरान कुछ बच्चे खेलते हुए स्कूल के पीछे निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन की ओर चले गए थे। इसी दौरान अचानक आंगनबाड़ी भवन का छज्जा भरभराकर गिर गया, जिसमें कक्षा 6वीं का छात्र आलोक कुमार पिता रमेश देवांगन मलबे के नीचे दब गया था। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने छात्र को मलबे से निकालकर वाड्रफनगर सिविल अस्पताल पहुंचाया, यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से स्वजन और छात्र में सहपाठियों में शोक का माहौल है।

# निर्धारित समयावधि में पारदर्शी एवं सुगमता पूर्वक धान खरीदी करें पूर्ण : प्रभारी सचिव

★ प्रभारी सचिव ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

★ योजनाओं के क्रियान्वयन में लक्ष्यात्मक प्रगति लाने के दिए निर्देश

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले के प्रभारी सचिव श्री अवनीश कुमार शरण ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक लेकर धान खरीदी एवं जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर समयबद्धता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए पूरी निष्ठा से दायित्वों के निर्वहन करने की बात कही। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने प्रभारी सचिव को शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रगति की संक्षिप्त जानकारी दी। धान खरीदी की समीक्षा करते हुए प्रभारी सचिव श्री शरण ने पिछले वर्ष की तुलना में अब तक हुई खरीदी, पंजीकृत रकबा तथा किसानों की संख्यात्मक जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा धान खरीदी के लिए निर्धारित समयावधि में वास्तविक किसानों से पारदर्शी एवं सुगमता पूर्वक धान खरीदी की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए, जिससे किसानों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बैठक में रकबा समर्पण की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी सचिव ने कोचियों एवं बिचौलियों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा की जा रही निरंतर कार्रवाई की सराहना करते हुए अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर कड़ी निगरानी रखते हुए सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश भी दिए।




प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रभारी सचिव श्री शरण ने स्वीकृत आवासों के विरुद्ध पूर्ण एवं अपूर्ण आवासों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पीएम जनमन योजना अंतर्गत पीवीटीजी आवासों की समीक्षा करते हुए अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा लखपति दीदी योजना के प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक महिला स्व-सहायता समूहों को आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उन्होंने धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से उद्यानिकी फसलों में नाशपाती की खेती को प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी सचिव ने आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदन कार्ड निर्माण के प्रगति की जानकारी लेकर इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनीमिया नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने तथा एनआरसी के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान बाल विवाह रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग से आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री वैभव बैंकर द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, प्रतिबंधात्मक धाराओं तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। वनमण्डलाधिकारी श्री आलोक बाजपेयी ने विभागीय कार्यों से अवगत कराया।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर श्री चेतन बोरघरिया, श्री अभिषेक गुप्ता तथा सर्व जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## एसईसीएल के भू विस्थापितों का महासम्मेलन 12 को कोरबा में

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल अंतर्गत आने वाले छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के भू विस्थापितों और प्रभावित ग्रामीणों की एक राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन 12 जनवरी को किया जाएगा। यह सम्मेलन कोरबा जिले के गेवरा क्षेत्र स्थित नराईबोध भूविस्थापित भवन में होगा।

ऊर्जाधानी भू विस्थापित किसान कल्याण समिति के बैनर तले आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य रोजगार उचित मुआवजा पुनर्वास और बुनियादी सुविधाओं जैसी जायज मांगों को लेकर चल रहे संघर्ष को और अधिक मजबूत बनाना है। समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि एसईसीएल प्रबंधन और प्रशासन के साथ होने वाली आगामी वार्ताओं और कानूनी लड़ाईयों के लिए एक ठोस कार्ययोजना और साझा प्रस्ताव तैयार करना समय की मांग है।

ज्ञात हो कि एसईसीएल के सीएमडी और बोर्ड मेंबर्स के सीधी वार्ता का आयोजन कर उनके समक्ष रखे जाने वाले प्रमुख मांगों का निर्धारण बैठक में किया जाएगा। सम्मेलन में गेवरा, दीपका, कुसमुंडा, कोरबा, रायगढ़, बैकुंठपुर, बिश्रामपुर, भटगांव, चिरमिरी और हसदेव क्षेत्रों के साथ-साथ मध्य प्रदेश के सोहागपुर और जमुना-कोतमा क्षेत्र के प्रभावित ग्रामीण और किसान नेता के उपस्थित होने की बात कही जा रही है।

## खपाने लाया जा रहा था अवैध धान, संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्यवाही

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वाड्रफनगर श्री नीरनिधि नंदेहा ने जानकारी दी है कि ट्रक क्रमांक-सीजी 15 ईसी 9169 से अवैध धान का परिवहन किया जा रहा था। जिसे संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पेंडारी में पकड़ा गया। ट्रक में 750 बोरी अवैध धान लोड था जिसे जब्त किया गया। धान अवैध धान परिवहन करने के मामले में अज्ञात ट्रक वाहन चालक और वाहन स्वामियों पर एफआईआर दर्ज किया गया है। एसडीएम वाड्रफनगर के निर्देशानुसार खाद्य, मंडी एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध धान परिवहन पर कार्यवाही की गई।

कार्यवाही के दौरान 05 जनवरी 2026 को रात लगभग 10:30 बजे, ग्राम पंडरी (केनापारा चेक पोस्ट) पर ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों के द्वारा रोका गया, परन्तु ट्रक चालक ने मौका पाकर वाहन को वाड्रफनगर की ओर ले जाया गया। कर्मचारियों के द्वारा ट्रक का पीछा करने पर एक अन्य अज्ञात व्यक्ति जो क्रेटा कार सीजी 15 डीआर 2414 में सवार था उसने कर्मचारियों को धमकाया गया। तत्पश्चात संयुक्त टीम के द्वारा ट्रक की खोज करने पर ग्राम पेंडारी में खड़ा पाया गया। ट्रक वाहन जो राहुल कुमार गर्ग, पिता अशोक कुमार गर्ग निवासी अम्बिकापुर के नाम पंजीकृत पाया गया। साथ ही सफेद रंग की क्रेटा कार जो वाहन मालिक नारायण अग्रवाल, पिता रोशन लाल अग्रवाल निवासी सूरजपुर के नाम पंजीकृत है, जिन पर एफआईआर दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि उक्त प्रकरण में संबंधित व्यक्तियों द्वारा अन्य जगहों के धान को स्थानीय छत्तीसगढ़ के कृषकों के खाते से बेचने के आशय से पूर्व नियोजित आपराधिक षड्यंत्र के अन्तर्गत छलपूर्वक आर्थिक लाभ प्राप्त करने तथा छत्तीसगढ़ शासन को आर्थिक क्षति पहुँचाने की दुराशय पूर्वक योजना बनाई गई। उनके द्वारा अन्य स्थानों से धान लाकर छत्तीसगढ़ में अधिक मूल्य पर विक्रय करने का प्रयास किया गया, जो राज्य सरकार की स्पष्ट नीति का उल्लंघन है, जिसमें केवल छत्तीसगढ़ के स्थानीय कृषकों द्वारा उत्पादित धान को ही खरीदी वैध मानी गई है।

## धान खरीदी व्यवस्था और जनकल्याणकारी योजनाओं से संवर रहा किसानों का जीवन

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले के ग्राम सोनहरा निवासी श्री विष्णुदेव यादव आज शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत और सरकारी योजनाओं की जानकारी ने उनकी जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।



श्री विष्णुदेव यादव बताते है कि वे संयुक्त परिवार में रहते हैं और कृषि के साथ-साथ वाहन चालक के रूप में कार्य कर आजीविका अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने बलरामपुर धान खरीदी केंद्र पहुंच लगभग 307 बोरी धान का विक्रय किया। उन्होंने बताया कि धान विक्रय की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित रही। समय पर तुलाई से उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। वे कहते हैं कि कृषि के साथ-साथ शासन की योजनाओं ने भी उनके जीवन को मजबूती दी है। श्री यादव को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्का आवास का लाभ भी मिला है। साथ ही उनकी पत्नी के खाते में महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि नियमित रूप से प्राप्त हो रही है, जिससे घरेलू आवश्यकताओं में सहयोग मिल रहा है। स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता दिखाते हुए श्री यादव ने अपने परिवार का आयुष्मान कार्ड भी बनवा लिया है। वे कहते हैं इससे भविष्य में किसी भी आकस्मिक स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में लाभ ले सकेंगे। श्री विष्णुदेव यादव का कहना है कि यदि आम नागरिक समय पर जानकारी लेकर योजनाओं से जुड़ें तो जीवन में बड़ा बदलाव संभव है। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है।

## 350 बोरी अवैध धान जब्त

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजपुर श्री देवेन्द्र प्रधान के नेतृत्व में अवैध धान पर कार्यवाही की गई है।



प्राप्त जानकारी अनुसार गत रात्रि को संयुक्त टीम द्वारा 1 आयशर ट्रक को पकड़ा गया है, जिसमें लगभग 350 बोरी अवैध धान भरा हुआ पाया गया। जांच के दौरान वाहन के चालक द्वारा किसी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इस पर संयुक्त टीम द्वारा अवैध धान को जब्त करते हुए कृषि उपज मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। इस दौरान तहसीलदार श्री नरेन्द्र कंवर सहित टीम मौजूद रही।

# मिनी ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवक गंभीर घायल

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर गुरुवार की दोपहर ग्राम पंचायत संजयनगर स्थित पिलखा ढाबा के सामने सड़क हादसा में स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। गौरतलब है कि अंबिकापुर निवासी 18 वर्षीय अर्जुन रावत अपने हमउम्र परिचित रुद्रांश जायसवाल के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 15 सीवाई 3008 में अंबिकापुर की ओर जा रहा था।



इसी दौरान अंबिकापुर से बिश्रामपुर की ओर तेज रफ्तार में आ रहे मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 15 बीएच 8857 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मिनी ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी। टक्कर लगते ही स्कूटी सड़क पर दूर जा गिरी और दोनों युवक सड़क पर जा गिरे। आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंच घायलों को संभालने में जुट गए। बताया जा रहा है कि हादसे में रुद्रांश जायसवाल को अंदरूनी चोटें आई हैं, लेकिन 18 वर्षीय अर्जुन रावत के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी हालत अत्यंत नाजुक बताई जा रही है। घायलों को तत्काल अंबिकापुर अस्पताल में ले जाकर भर्ती करा दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जयनगर पुलिस मौके पर पहुंच स्थिति को संभाला। लोगों का कहना है कि पिलखा ढाबा के पास मोड में शेड की वजह से एनएच पर वाहन चालकों को होने वाले दिक्कत के मद्देनजर गत दिनों युवक कांग्रेस भटगांव विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन देकर उचित कार्यवाही की मांग की गई थी लेकिन प्रशासन द्वारा आज तक कोई कार्यवाही नहीं किए जाने से इस तरह की दुर्घटनाएं मोड के पास घटित हो रही हैं। लोगों ने प्रशासन से यहां स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड और नियमित चेकिंग की मांग की है।

# ज्ञानोदय मूकबधिर विद्यालय के बच्चे कौशल प्रशिक्षण से हो रहे आत्मनिर्भर

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया का आगमन ज्ञानोदय मूक बधिर विद्यालय में हुआ। उनके साथ हरेन्द्र पटेल डायरेक्टर दिव्यांगजन वित्त विकास निगम भी उपस्थित थे। उनकी अगवानी संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने की। लोकेश कावड़िया को सर्वप्रथम विद्यालय का अवलोकन कराया गया। विद्यालय के जो विद्यार्थी कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं, उनके द्वारा विद्यालय परिसर में अपने अतिरिक्त पीरियड में हस्तशिल्प सामाग्री का निर्माण किया जा रहा है। लोकेश कावड़िया को विद्यालय के बच्चों के द्वारा निर्मित हस्तशिल्प सामाग्री की प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनके सामाग्रियों की प्रशंसा की। छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने कहा कि ज्ञानोदय मूक बधिर विद्यालय के बच्चे दिव्यांगजन कौशल विकास शिविर बीकानेर एवं रायपुर में भाग लेकर स्किल्ड हो गए हैं और आत्मनिर्भर होने की स्थिति में आ गए हैं।



दिव्यांगजन कौशल विकास शिविरों के आयोजन के माध्यम से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाकर समाज की मुख्य धारा में शामिल करने का सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है, जिसके अच्छे परिणाम दृष्टिगोचर हो रहे है। लोकेश कावड़िया ने दिव्यांगजनों के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि जो भी दिव्यांग व्यक्ति स्वरोजगार के लिए ऋण लेना चाहते हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। उन्हें 50 लाख रुपए तक का ऋण स्वीकृत किया जा सकता है। अगर उस कार्य के लिए वे प्रशिक्षण प्राप्त नहीं है तो उन्हे प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने विद्यालय की स्थापना भावी एवं संचालित गतिविधियों से लोकेश कावड़िया जी को अवगत कराया।उन्होंने बताया कि बीकानेर राजस्थान एवं रायपुर से कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय के बच्चे सिलाई, कढ़ाई, नेल आर्ट, गजरा मेकिंग, लिप्पन आर्ट, वॉल पुट्टी आर्ट, हर्बल लिप बाम, साबुन, पेन बाम, एलोवेरा बेस साबुन, कैंडल मेकिंग जैसी विधाओं का उपयोग कर आकर्षक एवं उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के तहत स्वरोजगार हेतु इच्छुक विद्यालय के 12 वीं पास विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को एक सेमिनार में बुलाकर योजनाओं से अवगत कराने और उसका लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ के अलावा सिद्धार्थ तिवारी, तुलेश्वर प्रताप सिंह जायसवाल, रक्षा अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल व अन्य उपस्थित थे।

## बलरामपुर खदान को चालू कराने एचएमएस का धरना आज से

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र की बलरामपुर खदान को प्रबंधन द्वारा कथित रूप से षड्यंत्रपूर्वक बंद किए जाने का आरोप लगाते हुए कोयला मजदूर सभा एचएमएस बिश्रामपुर ने खदान को पुन: चालू कराने की मांग को लेकर आज 9 जनवरी से महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की घोषणा की है। एचएमएस द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि यदि धरना प्रदर्शन के बाद भी प्रबंधन द्वारा उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो संगठन द्वारा 16 जनवरी से क्रमिक भूख हड़ताल तथा 23 जनवरी से आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। संघ का कहना है कि बलरामपुर खदान को घाटे में चलने तथा सीटीओ के नवीनीकरण नहीं होने का हवाला देकर पिछले करीब छह माह से बंद रखा गया है, जबकि उक्त खदान में लगभग 30 लाख टन कोयले का भंडार मौजूद है। प्रबंधन पर जानबूझकर खदान को डूबने की स्थिति में छोड़ने का आरोप संघ द्वारा लगाया गया है।

खदान बंद होने से कुमदा क्षेत्र की दोनों खदानों से जुड़े करीब 500 से अधिक कामगारों पर अन्यत्र तबादले का खतरा मंडरा रहा है। साथ ही खदानों के बंद रहने से स्थानीय बाजार एवं व्यवसाय पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। एचएमएस ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही बलरामपुर खदान को पुन: चालू नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।

## सेवा, संवेदना और संकल्प, पार्षद ने 139 विद्यार्थियों को वितरित किया स्वेटर व टोपी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले में जारी शीतलहर और कड़ाके की ठंड से जहां आम जनजीवन प्रभावित है, वहीं स्कूली बच्चे भी ठंड की मार झेलने को मजबूर हैं। ऐसे में जरूरतमंद बच्चों के लिए नगर पालिका वार्ड क्र. 14 के पार्षद राजेश साहू ने एक सराहनीय पहल कर मानवता की मिसाल पेश की है। गुरुवार को श्री साहू के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला बालक एवं कन्या शाला तथा माध्यमिक शाला मानपुर में कक्षा पहली से आठवीं तक अध्ययनरत 139 विद्यार्थियों को ठंड से बचाव हेतु लाल एवं नीले रंग के स्वेटर तथा टोपी का वितरण किया गया।? स्वेटर और टोपी पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था। इस अवसर पर राजेश साहू ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों के साथ अपनी खुशियाँ साझा करना मेरे लिए गर्व और प्रसन्नता का विषय है। मैं अपने वार्ड में संचालित इन विद्यालयों के बच्चों को अपने बच्चों के समान मानता हूँ। यही बच्चे हमारे वार्ड और देश का भविष्य हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा ठंड में गर्म कपड़ों की आवश्यकता की जानकारी दिए जाने पर उन्होंने तुरंत यह पहल की, ताकि कोई भी बच्चा ठंड के कारण असुविधा महसूस न करे। स्वेटर एवं टोपी वितरण कार्यक्रम के लिए विद्यालय परिवार, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों द्वारा राजेश साहू के प्रति आभार व्यक्त किया गया और इस जनकल्याणकारी कदम की मुक्त कंठ से सराहना की गई। यह पहल न केवल सामाजिक संवेदनशीलता का उदाहरण है, बल्कि जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी और मानवीय सरोकारों को भी रेखांकित करती है।

## स्कूली छात्राओं को पुलिस के कामकाज से कराया गया अवगत

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने, झिझक दूर करने तथा पढ़ाई के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान से अवगत कराने के उद्देश्य से शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बिश्रामपुर की छात्राओं ने गुरुवार को बिश्रामपुर थाना का शैक्षणिक भ्रमण किया। थाना के निरीक्षक प्रकाश राठौर एवं एएसआई अविनाश सिंह ने छात्राओं को पुलिस के कार्य, अपराध नियंत्रण की प्रक्रिया एवं बेसिक पुलिसिंग की विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं ने विवेचक कक्ष, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार सहित पूरे थाना परिसर का अवलोकन किया, जहां पुलिस कर्मियों ने प्रत्येक व्यवस्था की जानकारी सरल भाषा में समझाई। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों से अपनी जिज्ञासाएं भी साझा कीं, जिनका उत्तर उपस्थित पुलिस कर्मियों द्वारा दिया गया। वहीं पैरालीगल




वालेंटियर कांति सिंह ने छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध नि:शुल्क कानूनी सहायता की जानकारी दी। साथ ही शासन स्तर पर संचालित जागृति अभियान, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की जानकारी देते हुए गुड टच-बैड टच विषय पर भी जागरूक किया। पुलिस द्वारा छात्राओं को यातायात नियमों, साइबर ठगी से बचाव, अनजान कॉल रिसीव न करने, बिना कारण किसी लिंक को न खोलने तथा डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं से सतर्क रहने की समझाइश भी दी गई। इस अवसर पर शिक्षिकाएं व्याख्याता रेखा लाल, शोभना रंजीत, प्रीति टोप्पो सहित प्रधान आरक्षक जोशी टोप्पो, निर्मल सिंह, दरश देवांगन, अखिलेश्वर पांडेय, अजय राव, योगेश एवं थाना स्टाफ उपस्थित रहा। निरीक्षक प्रकाश राठौर ने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा समाज व परिवार का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

# सौम्या चौरसिया ने EOW गिरफ्तारी के डर से हाईकोर्ट में लगाई अग्रिम जमानत

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




रायपुर । छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की डिप्टी सेक्रेटरी रह चुकी सौम्या चौरसिया की मुश्किलें लगातार बढ़ती नजर आ रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) की गिरफ्तारी के बाद अब उन्हें आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (एडह) द्वारा गिरफ्तार किए जाने का डर सता रहा है। इसी आशंका के चलते सौम्या चौरसिया ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। हाईकोर्ट में हुई प्रारंभिक सुनवाई के दौरान शासन की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया है, जिस पर अदालत ने सहमति जताते हुए अब मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को तय की है। गौरतलब है कि शराब घोटाले के मामले में एऊ पहले ही सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं, एडह ने उन्हें इस प्रकरण में प्रोडक्शन वारंट पर लेने के लिए एऊ की स्पेशल बेंच में आवेदन प्रस्तुत किया है। सौम्या चौरसिया के अधिवक्ता हर्षवर्धन परगनिहा ने आरोप लगाया कि यह पूरी कार्रवाई राजनीतिक षड्यंत्र के तहत की गई है। उनका कहना है कि ढाई साल पुराने इस मामले में सौम्या का कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध नहीं है, बावजूद इसके उन्हें जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़े मामलों का ट्रायल 13 जनवरी से शुरू होना है। एऊ के अनुसार इस घोटाले में 3,200 करोड़ रुपये से अधिक की अनियमितताओं का खुलासा हुआ है, जिसमें तत्कालीन सरकार के दौरान बड़े अधिकारियों और कारोबारियों की संलिप्तता सामने आई है।

# फैमिली कोर्ट सिर्फ केस न निपटाए, महिलाओं और बच्चों को वास्तविक न्याय दे : हाईकोर्ट

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

बिलासपुर । छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पारिवारिक विवादों से जुड़े मामलों में फैमिली कोर्ट की भूमिका को लेकर एक अहम और संवेदनशील फैसला सुनाया है। जस्टिस संजय के. अग्रवाल और जस्टिस संजय जायसवाल की डिवीजन बेंच ने साफ कहा कि फैमिली कोर्ट की जिम्मेदारी केवल मुकदमों का निपटारा करना नहीं, बल्कि महिलाओं और बच्चों को वास्तविक और प्रभावी न्याय दिलाना है। मामला जांजगीर-चांपा स्थित फैमिली कोर्ट से जुड़ा है, जहां पति-पत्नी के बीच तलाक का मामला लंबे समय से लंबित था। सुनवाई के दौरान पत्नी ने अदालत को मौखिक रूप से बताया था कि वह आर्थिक रूप से कमजोर है, वकील रखने में असमर्थ है और ओडिशा से बार-बार जांजगीर आना उसके लिए संभव नहीं है। इसके बावजूद फैमिली कोर्ट ने महिला को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जाने की सलाह देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। जब महिला वहां नहीं पहुंच सकी, तो अदालत ने उसे एकपक्षीय घोषित करते हुए पति के पक्ष में तलाक की डिक्री पारित कर दी। इस आदेश को महिला ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के इस रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई और महत्वपूर्ण टिप्पणियां कीं।



### मौखिक आग्रह भी पर्याप्त

कोर्ट ने कहा कि कानूनी सहायता के लिए लिखित आवेदन जरूरी नहीं है। यदि कोई पक्षकार, विशेषकर महिला या आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति, मौखिक रूप से भी असमर्थता जताता है तो अदालत का कर्तव्य है कि उसे तत्काल कानूनी सहायता उपलब्ध कराए।

### अनुच्छेद 21 का उल्लंघन

हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि जरूरतमंद पक्षकार को वकील न देना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है।

### नियम 14 का उल्लेख

कोर्ट ने 'छत्तीसगढ़ फैमिली कोर्ट नियम, 2007' के नियम 14 का हवाला देते हुए कहा कि हर फैमिली कोर्ट को वकीलों का एक पैनल बनाकर रखना चाहिए, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत कानूनी सहायता दी जा सके।

### सभी फैमिली कोर्ट के लिए नई गाइडलाइन

हाईकोर्ट ने एकपक्षीय तलाक के आदेश को रद्द करते हुए मामले की नए सिरे से सुनवाई के निर्देश दिए। साथ ही प्रदेश की सभी फैमिली कोर्ट को निर्देश दिया कि वे अपने स्तर पर वकीलों का पैनल गठित करें। अब अदालतें केवल विधिक सेवा प्राधिकरण पर निर्भर नहीं रहेंगी, बल्कि स्वयं आगे बढ़कर जरूरतमंद पक्षकारों को कानूनी मदद सुनिश्चित करेंगी। इस फैसले को महिलाओं और कमजोर वर्ग के अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# बेटी के बॉयफ्रेंड को घर बुलाकर लात-घूंसों से पीटा...गर्लफ्रेंड ने की सुसाइड की कोशिश

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

कोरबा - बुधवार रात 2 पक्षों में जमकर मारपीट हुई। 16 साल की गर्लफ्रेंड अपने नाबालिग बॉयफ्रेंड का मोबाइल घर ले गई थी। लड़की के पिता ने डिस्प्ले पर लड़के की फोटो देख ली। नाराज पिता ने बेटी की पिटाई कर दी। साथ ही नाबालिग बॉयफ्रेंड को भी घर बुलाकर लात-घूंसों से पीटा। इस दौरान नाबालिग लड़की ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। लेकिन उसे बचा लिया गया। इस घटना के बाद नाबालिग लड़के के गुस्साए दोस्तों ने लड़की के घर पहुंचकर तोड़फोड़, पत्थरबाजी की। गर्लफ्रेंड के पिता का सिर फोड़ दिया और परिजनों के साथ मारपीट की। इस दौरान दोनों पक्ष से 6 लोग घायल हो गए। घटना मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र की है। दरअसल, मानिकपुर इलाके में रहने वाले शिकायककर्ता पिता पेशे से राजमिस्त्री है। बुधवार को नाबालिग बेटी बॉयफ्रेंड का मोबाइल लेकर अपने घर गई थी। पिता की नजर मोबाइल पर पड़ी। उन्होंने स्क्रीन खोलकर देखा तो उसमें लड़के की तस्वीर थी। इससे गुस्साए पिता ने पहले बेटी की पिटाई की। इसके बाद उन्होंने लड़के को कॉल कर घर बुलाया और उसकी भी लात-घूसों से जमकर पिटाई कर दी। जब लड़के के दोस्तों को इस घटना की जानकारी मिली, तो लगभग 6 से ज्यादा लड़के युवती के घर पहुंचे। उन्होंने घर पर जमकर पत्थरबाजी की, जिससे विवाद और बढ़ गया।

### गर्लफ्रेंड ने खुद कमरे में किया, सुसाइड की कोशिश

दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान बॉयफ्रेंड के दोस्तों ने लड़की के पिता का सिर फोड़ दिया। इस घटना के बीच नाबालिग गर्लफ्रेंड ने खुद को कमरे में बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। हालांकि, किसी तरह उसे बचा लिया गया। मारपीट और तोड़फोड़ के बाद बॉयफ्रेंड और उसके दोस्त मौके से भाग निकले। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डॉयल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को मानिकपुर चौकी ले गई। लड़की और लड़के दोनों ही पक्षों के परिजन भी पुलिस चौकी पहुंचे।

### आरोपियों को हिरासत लिया गया

लड़की के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट करने वाले बॉयफ्रेंड और उसके साथियों को हिरासत में लिया, जिसके बाद स्थिति शांत हुई। पुलिस ने मारपीट में घायल सभी लोगों का मेडिकल परीक्षण कराया है। वहीं, दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# सुंदरकांड पाठ का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रामानुजनगर, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह के जन्मदिवस (5 जनवरी) तथा उनकी सुपुत्री सुश्री मोनिका सिंह, सभापति जिला पंचायत सूरजपुर के जन्मदिवस (6 जनवरी) के पावन अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना के संचार हेतु भव्य बृहद सुंदरकांड पाठ का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। इस विशेष अवसर पर प्रसिद्ध सुंदरकांड पाठकर्ता श्री गणेश मिश्रा (राजनांदगांव झ्र ताल छापर वाले) एवं उनकी अनुभवी टीम के द्वारा सुमधुर कंठ, संगीतमय वाद्ययंत्रों एवं भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ सुंदरकांड पाठ का वाचन किया गया। पाठ के दौरान श्रीराम नाम, चौपाइयों एवं भजनों की गूंज से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर होकर रामभक्ति में लीन हो गए। कार्यक्रम में ग्रामीण अंचलों सहित दूर-दराज से आए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं दोनों जननेत्रियों के समर्थकों ने सहभागिता की।

# ट्रंप अब आर या पार

मनोज कुमार सिंह



जिस तरह से वेनेजुएला के निर्वाचित राष्ट्रपति निकोल्स मादुरो के आधिकारिक निवास ₹ मिराफ्लोरेस पैलेस₹, से अमेरिकी डेल्टा फोर्स ने उनका अपहरण किया है ,उससे यह स्पस्ट हो चला है कि, अब अटलांटिक चार्टर और संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र एक रद्दी के गठ्ठर से अधिक कुछ भी नहीं । लेख के आरंभ में एक बात स्पस्ट है कि, अफगानिस्तान में अमेरिका नें जो खोया था, वेनेजुएला की घटना उसकी पुनर्प्राप्ति का प्रयास है। अमेरिका के वेनेजुएला पर आरोप सतही और दिखावटी तथ्य है ।वस्तुतः यह अमेरिका के पूंजीवाद बनाम वेनेजुएला की साम्यवादी व्यवस्था और अमेरिका की साम्राज्यवादी लिप्सा ही इसके मुख्य कारक है।

ट्रंप अपने शासन के पहले कार्यकाल से ही वेनेजुएला के प्राकृतिक संसाधनो पर गिद्ध दृष्टि जमाये हुए थे ।वेनेजुएला में प्राकृतिक तेल भंडार का अकूत खजाना है एक अनुमान के अनुसार वेनेजुएला के पास आगामी आठ सौ वर्षो तक के लिए पर्याप्त खनिज तेल भंडार है ।लेकिन अवसर मिला दूसरे कार्यकाल में, दिनांक 10/12/25 को जब अमेरिका ने वेनेजुएला के एक तेल टैंकर को जब्त कर आरोप लगया कि उक्त तेल करकरक जैसे आतंकी संगठनो और अमेरिका के विरूद्ध आतंकी गतिविधियों के लिया था ।जबकि इसके पूर्व से ही अमेरिका ने वेनेजुएला के तट और कैरेबियन सागर मे 15000 से अधिक सैनिकों के अतिरिक्त कई युद्धपोत और एअरक्राफप्ट तैनात किये है ।जिसमें दुनिया का सबसे बड़ा एअरक्राफप्ट वरर जेराल्ड फोर्ड भी शामिल है।

क्यूबा संकट के समय साम्यवादी क्यूबा की रक्षा के लिए सोवियत संघ नें मिसाईले तैनाती व हस्तक्षेप कर क्यूबा को अमेरिकी साम्राज्यवाद का निवाला बनने से बचा लिया ।क्यूबा संकट का हल रूस की ओर से निकिता खुश्चेव और अमेरिकी राषट्रपति कैनेडी ने जो किया था ।वेनेजुएला संकट के समय वैसा ही पुतिन और ट्रंप से आशा की जा सकती है कदाचित नहीं ? क्योकिं रूस को यूक्रेन मामले में ट्रंप मना नहीं सके ,और रूसयुद्धरत भी है। फिदेल कास्त्रों की तर्ज पर निकोलस मादुरो ने वेनेजुएला के तेल कंपनियों का राष्ट्रीयकरण कर दिया जिससे अमेरिका के लिए वहां अवसर खत्म हो गये । ट्रंप ने मादुरो पर फेटानिल, और कोकिन व हथियार तस्करी सहित वेनेजुएला के जेलो और पागलखानों में बंद कैदियों के अवैध अमेरिका प्रवसन सहित दो ड्रग्स तस्कर गैंग ₹ट्रेन दे अरागुआ₹ और कार्टेल दे लोस सोलेस₹ को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। और यह बात भी सत्य है कि ट्रंप मादुरो पर लगाये आरोपो को सिद्ध नहीं कर पायेगे भले ही सद्दाम की तरह उन्हें फांसी चढ़ा दिया जाये ।इस बात से भी इंकार नहीं कि, मादुरो सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार ,गरीबी, और तानाशाही ने ट्रंप को मौका दिया ।अब मादुरो पर सपत्निक न्यूयार्क मे मुकदमा चल रहा है। जैसे ग्वाडालूप हिडाल्गों संधि के द्वारा मैक्सिको का 55% हिस्सा जिसमें कैलिफोर्निया ,नेवादा, व टेक्सास शामिल है हड़प लिया ।अब वही वेनेजुएला के साथ कर रहा है ।अभी कुछ दिनो पूर्व अमेरिका ने फलस्तिन से गाजापट्टी खरीदने की पेशकश की थी। मादुरो को अब चीन से विशेष उम्मीद होगी क्योंकि चीन ने वेनेजुएला में 105बिलियन डालर से अधिक का निवेश किया है ।मादुरो का अपहरण चीन की व्यापारिक महत्वाकांक्षा पर भी चोट है, साथ ही चीन के वन वेल्ट वन रोड़ योजना को अमेरिका फर्स्ट नीति की चुनौती भी है। वेनेजुएला की घटना ने क्यूबा को भी सशंकित कर दिया है दूसरी ओर ईरान मे, आयातुल्ला खामेनई और राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के विरूद्ध पनपता जनाक्रोश भी ट्रंप को ईरान में भी अवसर उपलब्ध करा रहा है। रियाल का खस्ताहाल होना, और ईरान के आंदोलन को पूर्व शाह परिवार द्वारा समर्थन अमेरिका की कुत्तिस महत्वाकांक्षा के लिए अवसर है। इजराइल और जार्डन यहां अमेरिका के लिए मददगार होगे। मादुरो की गिरफ्तारी का चीन और उत्तर कोरिया ने तीव्र विरोध किया है। चीन के आक्रमक होने पर अमेरिका को उत्तर कोरिया से ग्रीनलैंड़ मे खतरा संभावित है। ताइवान पर यदि अभी चीन हमला कर दे तो आगामी महायुद्ध भी हो सकता है ? अब कोलंबिया, क्यूबा और ईरान ट्रंप की लिस्ट में है ।ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट की नीति ने कभी टैरिफ तो कभी हथियारो के द्वारा विश्व को अस्तव्यस्त कर रखा है ।इसलिए दोनो बातें संभव है कि, ट्रंप या तो अमेरिका फर्स्ट बना देगे या उत्तर अमेरिका को प्रशांत और लैटिन अमेरिका को अंटलाटिक महासागर में डूबा देंगे। वैसे भी अमेरिका के जन्म की आधिकारिक तिथि चार जुलाई है, और अंक ज्योतिष में चार राहु का अंक होता है ।वैसे भी ट्रंप चंगेज खां, मुहम्मद बिन तुगलक और मु०शाह रंगीला के चरित्र के त्रिदोष है।

# दीपका माइन में ब्लास्टिंग के दौरान कर्मी की मौत, सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

कोरबा । कोरबा जिले में एसईसीएल की दीपका कोयला खदान में बुधवार दोपहर ब्लास्टिंग के दौरान एक कर्मी की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा सुआ-भोड़ी फेस पर उस समय हुआ, जब कथित तौर पर अमानक तरीके से ब्लास्टिंग कराई जा रही थी। घटना के बाद पूरे कोयला क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, ब्लास्टिंग के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया। न तो पर्याप्त सेफ्टी जोन बनाया गया और न ही कर्मियों को सुरक्षित दूरी पर हटाया गया। इसी लापरवाही की चपेट में आकर कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ब्लास्टिंग जल्दबाजी में कराई जा रही थी और सुरक्षा व्यवस्था नाकाफी थी। इस घटना के बाद खदान क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। कर्मचारियों और श्रमिक संगठनों ने दीपका खदान प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उत्पादन के दबाव में लगातार नियमों की अनदेखी की जा रही है और मजदूरों की जान जोखिम में डाली जा रही है। स्थानीय लोगों ने भी खदान प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि दीपका खदान में ह्लउत्पादन पहले, सुरक्षा बाद मेंह्व की नीति लंबे समय से चल रही है। यदि समय रहते अमानक ब्लास्टिंग पर रोक लगाई जाती और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होती, तो इस हादसे को टाला जा सकता था। हादसे के बाद अब तक खदान प्रबंधन की ओर से कोई ठोस बयान सामने नहीं आया है। न ही जिम्मेदारी तय करने को लेकर कोई स्पष्ट पहल की गई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या यह मामला भी पूर्व की घटनाओं की तरह फाइलों में दबा दिया जाएगा, या फिर इस बार किसी जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई होगी। फिलहाल, सभी की नजरें कोल इंडिया और एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों पर टिकी हैं कि वे इस गंभीर मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और दीपका खदान में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

# किसान के खाते में अवैध धान खपाए जाने का प्रयास



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सूरजपुर। रामानुजनगर तहसील अंतर्गत ग्राम छिंदीया धान खरीदी केंद्र में कोचिए द्वारा किसान के खाते में अवैध धान खपाए जाने का प्रयास करते हुए तहसीलदार ने पकड़ लिया और धान की जप्ती की कार्रवाई की गई। बताया गया है उक्त धान जूट वारदाने में एक तौल में भरा हुआ था, उसे किसान के खाते में खपाए जाने का प्रयास किया जा रहा था। तहसीलदार एम एस राठिया ने बताया कि छिंदीया धान उपार्जन केन्द्र में किसान राम साय पिता रामधन निवासी जगतपुर द्वारा गोरेलाल साहू निवासी केशवपुर का 100 बोरा तथा सुरजन सिंह निवासी तिवरागुड़ी का 50 बोरी धान अपने खाते में बेंचे जाने की सूचना मिली थी,जिस पर तहसीलदार द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर किसान रामसाय से पूछताछ की गई।

# एक ही दिन में कई न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश से एक साथ सामने आई बम धमकी की घटनाओं ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। एक ही दिन में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, राजनांदगांव, रायपुर और दुर्ग सहित मध्यप्रदेश के रीवा जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलते ही सभी न्यायालय परिसरों में हड़कंप मच गया और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार, सभी धमकियां ई-मेल के जरिए भेजी गई हैं। धमकी को गंभीरता से लेते हुए संबंधित न्यायालय परिसरों को तत्काल खाली कराया गया। वकीलों, न्यायालय कर्मचारियों और आम नागरिकों का प्रवेश अस्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ के न्यायालयों में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। रायपुर में पुलिस और बम स्क्वॉड मौके पर पहुंचकर सघन जांच में जुटे हैं। वहीं बिलासपुर जिला न्यायालय में एहतियातन चौकसी बढ़ा दी गई है। कोर्ट परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। बीडीएस और डॉग स्क्वॉड भी जांच में शामिल हैं। दुर्ग न्यायालय में भी सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है, जहां सीआरपीएफ और पुलिस के जवान हर व्यक्ति की सघन जांच कर रहे हैं।

### मामले की गहन जांच जारी

बिलासपुर एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि धमकी भरे ई-मेल तमिलनाडु के एक यूनियन से जुड़े बताए जा रहे हैं। सभी एनआईसी मेल आईडी पर ये संदेश भेजे गए हैं, जिनमें कुछ तस्वीरें भी संलग्न हैं। मामले की तकनीकी और आपराधिक जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी असामाजिक तत्व की संलिप्तता सामने आने पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर लकवाग्रस्त महिला के लिए 5 लाख स्वीकृत

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




रायपुर । मुख्यमंत्री साय की संवेदनशील पहल से मुख्यमंत्री जनदर्शन में आज महासमुंद जिले के बसना विकासखंड के ग्राम बड़ेटेमरी निवासी श्रीमती बसंती साव को मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता योजना के तहत 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि की तत्काल स्वीकृत मिली। श्रीमती बसंती साव ने बताया कि उनका दोनों पैर लकवाग्रस्त है, उनका इलाज रायपुर स्थित एम्स, मेकाहारा सहित एक निजी अस्पताल में कराया जा चुका है। इलाज लगातार जारी है। इस वजह से बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आगे इलाज के लिए लगभग 6 लाख 40 हजार रुपए का खर्च अनुमानित है। आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब परिवार से होने के कारण उनके लिए इलाज का खर्च उठाना संभव नहीं। उनके पति प्रेमकुमार साव ने बताया कि मुख्यमंत्री जनदर्शन में अपनी पीड़ा रखने के बाद उन्हें तुरंत मदद मिली। उन्होंने मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता की प्रशंसा करते हुए आर्थिक सहायता की त्वरित स्वीकृति पर आभार जताया। मुख्यमंत्री साय ने जनदर्शन के दौरान श्रीमती बसंती साव के आवेदन को गंभीरता से देखा और उनकी स्थिति को समझते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत निर्देश दिए, ताकि बिना किसी देरी के सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सहायता राशि की तत्काल स्वीकृति दी गई। इससे पूर्व भी मुख्यमंत्री की पहल पर उन्हें 25 हजार रुपए और 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है।

## सम्पादकीय

# शरीर पर टैटू गुदवाते समय संयम बरतें युवा

अगर युवा भारतीय सेना, पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस में भर्ती होने का सपना देख रहे हैं तो शौक भी जरा संभलकर करें। कहीं ऐसा न हो कि आपका एक शौक आपके सपनों को कुचल दे और हुनरमंद होते हुए भी आप आर्म्ड सर्विसेज में भर्ती की दौड़ से बाहर हो जाएं। पिछले काफी समय से ऐसी चीजें देखने को मिल रही हैं, जिसमें हुनर और क्षमता होने के बावजूद नौजवानों को सिर्फ अपने शौक के चलते सेना, अर्धसैनिक बल और पुलिस में भर्ती की दौड़ से बाहर होना पड़ा है। ऐसा ही एक शौक युवाओं के बीच आजकल काफी लोकप्रिय है। वह है शरीर पर टैटू गुदवाना। जो शरीर को दर्द देने के साथ-साथ सेना में भर्ती के समय उन्हें मेडिकली रूप से अनफिट कर गंभीर पीड़ा दे रहा है। हाल ही में कलकत्ता हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है कि विस्तृत चिकित्सा परीक्षण में अयोग्य घोषित होने के बाद और फिट घोषित होने के लिए पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षण में उपस्थित होने से पहले उम्मीदवार अपने टैटू नहीं हटवा सकते। यदि ऐसा करते हैं तो उन्हें चिकित्सा परीक्षण के दौरान चिकित्सकीय रूप से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। हालांकि, उम्मीदवार को केवल चिकित्सा मूल्यांकन में कथित त्रुटि या अनियमितता को चुनौती देने के लिए पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षण का अनुरोध करने की अनुमति है। लेकिन पहले परीक्षण के बाद शारीरिक स्थिति में कोई बदलाव करने की अनुमति नहीं है। यह फैसला सीआरपीएफ के एक जवान की याचिका पर आया है। ऐसे में युवाओं को शरीर पर टैटू गुदवाते समय संयम बरतना चाहिए, ताकि बाद में परेशानियों का सामना न करना पड़े। बता दें कि भारतीय सेना, पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस में एक खास वर्ग और शरीर के चुनिंदा हिस्सों पर ही टैटू गुदवाने की इजाजत देता है। इजाजत वाली जगहों पर कुछ खास तरह के ही टैटू गुदवाए जा सकते हैं। साथ ही, इन टैटू के बारे में आवेदन के समय संबंधित फोर्स के भर्ती बोर्ड को जानकारी देना अनिवार्य होता है। सेना के तीनों अंगों यानी थल सेना, वायु सेना और नौसेना के अलावा पैरामिलिर्टी एवं पुलिस भर्ती की नियमावली के अनुसार, कोई भी अभ्यर्थी सिर्फ धार्मिक चिन्ह और अपने नाम से जुड़े टैटू ही गुदवा सकता है। ये टैटू हथेली के बाहरी हिस्से में हो सकते हैं। इसके अलावा, हाथ के अंदरूनी हिस्से में कोहनी से नीचे और हथेली के ऊपर के हिस्से में भी टैटू गुदवाने की इजाजत है। हालांकि, नियमावली में यह स्पष्ट नहीं है कि इन टैटू का साइज कितना होना चाहिए। इन दोनों हिस्सों के अलावा शरीर के किसी भी हिस्से में टैटू गुदवाने की इजाजत नहीं है। लिहाजा, नौजवानों को सलाह है कि वह यदि सैन्य बलों में अपना भविष्य देख रहे हैं, तो बेहतर होगा कि टैटू के शौक से परहेज ही करें। दूसरी तरफ, कई एंट्री लेवल भर्ती में शादीशुदा उम्मीदवारों को अनुमति नहीं होती है। खासकर अग्निवीर या सिपाही स्तर की भर्ती में अविवाहित होना जरूरी शर्त है। अगर ट्रेनिंग के दौरान शादी की जानकारी छिपाई जाती है और बाद में सामने आती है, तो भर्ती रद्द भी हो सकती है। अग्निवीर सैनिक जो आर्मी में स्थायी सैनिक बनने का सपना देख रहे हैं, उनके लिए भी सेना ने नया नियम बनाया है। इसके तहत जब तक अग्निवीर स्थायी नौकरी प्राप्त नहीं कर लेते हैं, तब तक वे शादी नहीं कर पाएंगे। हालांकि सेना ने इसके पीछे कोई ठोस कारण नहीं बताया है। सेना ने कहा कि अग्निवीर पद से सेवामुक्त होने के 4 से 6 महीने का इंतजार करना होगा। सेना में स्थायी नियुक्ति के बाद में आसानी से शादी कर सकेंगे।



विदेश नीति
अखिलेश आर्येन्दु

वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई को किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून के तहत उचित नहीं ठहराया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अमेरिका की इस ताबड़-तोड़ कार्रवाई पर गहरी चिंता जताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के खिलाफ बताया है और गहरी चिंता जाहिर की है। अमेरिका की वेनेजुएला पर इस कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे मादुरो द्वारा अमेरिका में मादक पदार्थों को लगातार बढ़ावा देने और पेट्रोलियम भंडारों पर कब्जा करने के संदर्भ में बताया है। बताया यह भी जा रहा है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने ट्रंप को उनकी तानाशाही नीति को चुनौती दी थी, जिससे चिढ़कर ट्रंप ने ऐसा अनाधिकार कदम उठाया।

# वेनेजुएला को ही गुनहगार क्यों माना

अमेरिका की शक्ति व सत्ता का तकाज़ा है कि वह जो भी करता है या कहता है, उसे वह सही ठहराता है। उसकी विदेशी नीति 'समरथ को नहि दोष गुंसाई' पर आधारित रही है और आज भी वह मेमने और भेड़िये की कथा के अनुरूप अपने हर कदम को सही ठहराने में कोई गुरेज नहीं करता। वहीं भारत की विदेशी नीति या विदेशी मामलों में अपनाई जाने वाली नीति हमेशा संतुलित और देशहित में रही है। दुनिया में घटने वाली घटनाओं को भारत बहुत बारीक नजरों से देखता ही नहीं, बल्कि उन घटनाओं को भारतीय विदेश नीति और संयुक्त राष्ट्र संघ के नियमों के बरक्स में देखकर अपनी बेहतर नीति (मानवता के हित में) या भूमिका तय करता है। आजादी के बाद भारत गुटनिरपेक्षता की नीति पर चलता आया है, लेकिन पिछले एक दशक से वह 'गुटनिरपेक्षता' से आगे बढ़कर विकसित देशों, यूरोपीय देशों और वैश्विक दक्षिण में स्थित देशों के साथ अलग-अलग मुद्दों पर अलग-अलग तरीके से रुख अपनाता रहा है। इसे दुनिया के हर देश के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध और यथायोग्य व्यवहार के बरक्स में संतुलित और आदर्श नीति मानी जा सकती है।

रूस-यूक्रेन, इजराइल-फिलीपींस युद्ध हो या अब वेनेजुएला-अमेरिका का मामला हो, भारत ने अपनी सूझ-बूझ वाली नीति अपनाते हुए दोनों पक्षों को बात-चीत से मसले को सुलझाने, क्षेत्र में और शांति व स्थिरता बनाए रखने की अपील की है। जबकि इस मामले में दुनिया दो धड़ों में बंटी नजर आती है। भारत किसी धड़े में शामिल होने के बजाय अपनी संतुलित नीति बनाकर, आगे बढ़ रहा है। जाहिर तौर पर भारत आने वाले वक्त में अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए आगे की रणनीति पर बारीकी से विचार करते हुए, हर मुद्दे पर बारीकी नजर रखकर राष्ट्ररक्षा को प्राथमिकता दी है। पिछले एक दशक से मोदी सरकार इस संतुलित और मैत्रीपूर्ण नीति पर ही चलती आ रही है। इससे वह दुनिया में अपनी बेहतरीन नीतियों और कदमों से अपने सूझ-बूझ सर्वहितैषी के रूप में सर्वोपरि दिखाने में सफल रहा है। यह मोदी सरकार की विदेश नीति का बेहतरीन नीतिगत निर्णय कहा जाना चाहिए।

यूक्रेन-रूस युद्ध के मामले में भी भारत ने दोनों देशों से युद्ध खत्म करने और शांति का रास्ता अपनाने की अपील की थी, जिससे किसी तरह का वैश्विक स्तर पर मानवीय संकट न पैदा होने पाए। इस नए घटनाक्रम में भारत की नीति एकदम स्पष्ट और संतुलित है। यह नीति भारत के वैश्विक स्तर पर उभरती छवि को ही बेहतर बनाने का काम ही नहीं कर रही है, बल्कि दुनिया की नजरों में भी एक तीव्र गति से विकास कर रहे आर्थिक रूप से समृद्ध और मानवीय देश के रूप में बन गई है। अमेरिका मामले में यह पहली बार नहीं है जब किसी देश पर अपनी दादागीरी दिखाते हुए उस पर सीधा हस्तक्षेप किया हो और उस देश के शासन को अपदस्थ किया हो। इसके पहले वर्ष 1965 में अमेरिका ने डोमेनिकल गणराज्य में बड़ी तादाद में अपने सैनिक भेंजे, ताकि 1963 में तख्तापलट के तहत हटाए गए पूर्व राष्ट्रपति जुआन बोश की वापसी को रोका जा सके। इसी तरह अपनी दादागीरी दिखाते हुए अमेरिका ने 1989 में पनामा पर धावा बोला, जिसका मकसद तत्कालीन जर्नल मैनुअल नोरिएगा को अपदस्थ करना था, जिन पर मादुरो



की तरह ही मादक पदार्थों के तस्करी के आरोप थे। इराक पर अमेरिका के नेतृत्व वाली सेनाओं का हमला आज भी दुनिया को याद है, जब इराक पर लम्बे शासक के रूप में काबिज सद्दाम हुसैन को हटा दिया गया था। इसी तरह 2004 में हैती पर अमेरिका ने आक्रमण कर वहां के तत्कालीन राष्ट्रपति को अपदस्थ कर अफ्रीका भेज दिया था। ये कुछ घटनाएं हैं जो अमेरिका की तानाशाही या एकल दादागीरी को बताने के लिए नमूने के तौर पर देखी जा सकती हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ का निर्माण इसलिए किया गया था कि देशों के मध्य जो भी समस्याएं या शिकायत हों, उसे इस मंच के बैनर तले बातचीत के जरिए हल किया जा सके। जब से इसकी स्थापना हुई है, तब से अब तक, इस स्वतंत्र वैश्विक संस्था पर अमेरिका का ही एकाधिकार रहा है। अमेरिका जैसा चाहता है संयुक्त राष्ट्र संघ उसी तरह की नीति मानने के लिए मजबूर रहता है। हां, एक दूसरे देश पर हमला करने के ऐसे कारण तो होने ही चाहिए जो बातचीत या एकतरफा अन्याय के खिलाफ जायज हों। यदि दुनिया के किसी भी हिस्से में मानव सुरक्षा के गंभीर संकट हों, तो किसी दूसरे देश के हस्तक्षेप को तभी उचित ठहराया जा सकता है, जब यह सब अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के दायरे में किया जाए।

पिछले कुछ दशकों में कुछ शक्तिशाली देश वैश्विक मानवहित के बजाय अपने निजी स्वार्थों के लिए, किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं। ऐसी ही ताजा घटना वेनेजुएला की है। वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई को किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून के तहत उचित नहीं ठहराया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अमेरिका की इस ताबड़-तोड़ कार्रवाई पर गहरी चिंता जताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के खिलाफ बताया है और गहरी चिंता जाहिर की है।

अमेरिका की वेनेजुएला पर इस कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे मादुरो द्वारा अमेरिका में मादक पदार्थों को लगातार बढ़ावा देने और पेट्रोलियम भंडारों पर कब्जा करने के संदर्भ में बताया है। जो लोग या देश राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस कार्रवाई को जायज ठहराते हैं, उनका बचाव करते हुए वे कह रहे हैं कि यदि वेनेजुएला के राष्ट्रपति बहुत बड़े पैमाने पर अत्यंत खतरनाक मादक पदार्थों को तस्करी के जरिए अमेरिका ना भिजवाते जिससे अमेरिकी हितों पर कुठाराघात हो रहा है, तो राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार करके न्यूयार्क न लाया जाता। जब बात मादक पदार्थों की हो, जिनमें सबसे खतरनाक मादक पदार्थ फेंटानिल की तस्करी का आरोप लगे हों, ऐसे में यह जानने की जरूरत है कि क्या फेंटालिन का निर्माण या तस्करी वेनेजुएला में ही होती है या दुनिया के दूसरे देशों में यह मानव-अहितैषी धंधा हो रहा है? सवाल यह भी है कि वेनेजुएला को ही इसके आरोप में क्यों अमेरिका का कोप-भाजन बनना पड़ा? दुनिया में सबसे ज्यादा मौतें आज की तारीख में नशीले मादक पदार्थों से होती है। अमेरिकी लोग इससे 75 प्रतिशत प्रभावित हैं।

इस खतरनाक नशीले पदार्थ के जरिए बनने वाले नशीले पदार्थों में मिलाए जाने वाले रसायनों का चीन में संपादन किया जाता है जो लेटिन अमेरीकी देशों में बहुत बड़े पैमाने पर बेचा जाता है और उन देशों में चीन द्वारा लाए गए रसायनों के जरिए फेंटानिल बनाया जाता है। अमेरिका ने कभी भी चीन को इसके लिए दोषी नहीं ठहराया, जबकि चीन में बने फेंटालिन के कच्चे रसायन बहुत बड़ी तादाद में चोरी-छिपे अमेरिका में लाए जाते हैं और अमेरिका में इनके जरिए फेंटालिन बनाया जाता है। सवाल यह है कि अमेरिका ने चीन को कभी इसके लिए कठघरे में क्यों नहीं खड़ा किया? बताया यह भी जा रहा है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने ट्रंप को उनकी तानाशाही नीति को चुनौती दी थी, जिससे चिढ़कर ट्रंप ने ऐसा अनाधिकार कदम उठाया।

(लेखक चिंतक और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## विचार
राजेंद्र बज



# चिंतनीय मसलों का तुरंत समाधान जरूरी

आमतौर पर यह देखा गया है कि समय-समय पर कार्यपालिका, व्यवस्थापिका एवं न्यायपालिका से संबद्ध तमाम विसंगतियों एवं समस्याओं को लेकर अधिकार संपन्न वर्ग द्वारा चिंता जाहिर की जाती है। इसके चलते आम नागरिकों के मन में यह विश्वास उत्पन्न होने लगता है कि अब बहुत शीघ्र ही उल्लेखित समस्या का निवारण हो ही जाएगा। उनका यह विश्वास भी समय के साथ तार-तार होता चला जाता है। चूंकि यह अधिकार संपन्न वर्ग किसी संदर्भ विशेष के चलते किसी आयोजित कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में ही ऐसा दर्शाता रहा है कि जो विसंगतियां या समस्याएं हैं, वह सब उनके संज्ञान में हैं। ऐसे में आम नागरिक को जो राहत मिलती है वह क्षणिक होती है। यह सिलसिला हर किसी क्षेत्र में स्थापित हो गया है, ऐसा प्रतीत होता है, लेकिन अहम सवाल यह है कि किसी अधिकार संपन्न शख्सियत ने किसी अवसर विशेष पर किसी समस्या या विसंगति विशेष का उल्लेख किया है तो उसका पूर्ण निदान करने की दिशा में कोई ठोस कदम कब उठाया जाएगा? इसकी जानकारी आम आदमी को कतई नहीं होती। हालांकि वक्ती तौर पर आम आदमी चाहे संतुष्ट हो जाता है, लेकिन समय के साथ यह संतुष्टि भी निराशा में बदल जाती है। दरअसल, किसी विषय पर चिंता व्यक्त करना एक अलग बात है और उस चिंता को दूर करने की इच्छाशक्ति का सच्चे अर्थों में परिचय देना एक अलग बात है।

यही कारण है कि तमाम क्षेत्र के सर्वाधिकार संपन्न वर्ग की विश्वसनीयता पर जन विश्वास में कमी आती दिखाई देती है। सवाल किसी क्षेत्र विशेष का ही नहीं है, बल्कि जो-जो विषय आम आदमी को प्रताड़ित या व्यथित करते हैं, आम नागरिक उसे ही नियति मान बैठते हैं। व्यवहार में देखा गया है आजकल तमाम छोटे बड़े राजनेताओं के कथन को आम नागरिकों द्वारा विश्वसनीय नहीं माना जाता। केंद्र व राज्य द्वारा नियुक्त तमाम छोटे-बड़े जनसेवक पूर्ण निष्ठा एवं समर्पित भाव से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे ही करेंगे, इस बात को लेकर यदि आम नागरिक आशंकित है तो इस बिंदु पर आकर हजार सवाल खड़े हो जाते हैं। न्याय की अभिलाषा लिए कोई भी फरियाद अंतिम रूप से कब निराकृत होगी? इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं हो सकता, लेकिन न्यायपालिका की कार्यप्रणाली से समझौता करना आम नागरिक की नियति है। जिम्मेदार वर्ग यह क्यों नहीं समझने को तैयार होता कि विलंबित न्याय भी अन्याय का ही प्रतिरूप है। अनगिनत मुकदमों का अंबार लगा है। अनेक अवसरों पर तो ऐसा भी देखा गया है कि पीढ़ी दर पीढ़ी न्याय के लिए भटकन का सिलसिला कभी विराम नहीं लेता। वैसे जब नीति और व्यवहार पर आम नागरिक सच्चे मन से अमल करने लगे तो ही मुकदमों की संख्या में कमी आ सकती है। इसके लिए न्यायपालिका और आम नागरिकों को अपनी ओर से ठोस कदम उठाने की जरूरत है। जहां तक राजनीति का सवाल है तो राजनीति में शूचिता और पवित्रता की जुगाली की जाती है, लेकिन व्यवहार में देखा गया है कि राजनीति भी निवेश का एक सशक्त माध्यम हो रही है। धन लगाकर धन अर्जित करना, धन के अभाव में बाहुबल, धन और बाहुबल के अभाव में जातिबल राजनीतिक सफलता का आधार बनते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों के सम्मुख परिस्थितियों से समझौता करने के अतिरिक्त अन्य कोई मार्ग नहीं होता। वैसे इसमें कोई दो मत नहीं कि जब राजनीति विशुद्ध रूप से नीति और सिद्धांतों पर आधारित हो जाएगी, तब स्वतः ही कार्यपालिका और न्यायपालिका भी सच्चे अर्थों में अपने-अपने कर्तव्य का परिपालन कर सकेगी। एक प्रकार से विभिन्न समस्याओं एवं विसंगतियों के जड़ मूल में राजनीतिक विकृति ही जिम्मेदार है। वास्तव में प्यासे की प्यास बुझनी चाहिए, न कि केवल पानी के छींटे मारकर अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़कर कहीं ओर पानी के छींटे मारने हेतु प्रवत्त हुआ जाए। एक समय में एक समस्या या विसंगति का उल्लेख यह तो जाहिर करता है कि मरीज की नब्ज पर आपका हाथ है, लेकिन असल सवाल रोग निदान का है। अन्यथा केवल और केवल बीमारी की पहचान सुनिश्चित करना किसी भी दृष्टि से सटीक उपचार का पर्याय नहीं हो सकता। इतनी साधारण सी बात अलग-अलग क्षेत्र के अधिकार संपन्न वर्ग की समझ में आखिर कब आएगी ? हाल-फिलहाल तो जहां जैसा कहना जरूरी है, वही कहा जा रहा है, लेकिन वास्तव में करना क्या चाहिए ? इस संदर्भ में ठोस कदम कहीं दिखाई नहीं देता।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?






संकलित
**दर्शन**

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

## जगत में सबसे सुंदर कौन





संकलित
**प्रेरणा**

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूं। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूं। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहा- तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूं। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोला- दोस्त मैं कहां सुंदर हूं। मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोला- तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोला- खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गये हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहाँ एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोलाः शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**तेल की राजनीति और सत्ता का खेल**

वेनेजुएला को लेकर एक बार फिर दुनिया की भू-राजनीति उबाल पर है। जिस देश के पास दुनिया का सबसे बड़ा प्रमाणित तेल भंडार है, वही देश आज राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक बदहाली और अंतरराष्ट्रीय दबावों के चक्रव्यूह में फंसा है। अमरीका द्वारा राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने, तेल उद्योग में सीधे दखल और सत्ता परिवर्तन की मंशा से जुड़ी खबरों ने यह सवाल फिर खड़ा कर दिया है कि क्या यह सब लोकतंत्र की रक्षा के लिए है या फिर संसाधनों पर नियंत्रण की वही पुरानी कहानी, जो इराक से लेकर पनामा तक दोहराई जाती रही है। बहरहाल वेनेजुएला के भीतर आर्थिक संकट गहरा है, जनता महंगाई, बेरोजगारी और जरूरी वस्तुओं की कमी से जूझ रही है। *- पंकज उपाध्याय, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### ऑशविट्ज यातना शिविर पीड़िता ईवा का निधन

ऑशविट्ज यातना शिविर की पीड़िता ईवा श्लॉस का निधन हो गया है। 96 वर्षीय ईवा किशोरावस्था में डायरी लिखने वाली ऐनी फ्रैंक की सौतेली बहन थीं। यह जानकारी 'ऐनी फ्रैंक ट्रस्ट यूके' ने दी।



ट्रस्ट ने बताया कि उनका निधन शनिवार को लंदन में हुआ, जहां वह रहती थीं। ईवा श्लॉस ने जीवनभर 'होलोकॉस्ट' की भयावहता के बारे में लोगों को शिक्षित करने का काम किया। वह 'ऐनी फ्रैंक ट्रस्ट यूके' की मानद अध्यक्ष भी थीं। 'होलोकॉस्ट' द्वितीय विश्व युद्ध (1939-1945) के दौरान नाजी जर्मनी द्वारा किया गया सामूहिक नरसंहार है जिसमें लगभग 60 लाख यहूदियों, साथ ही रोमा (जिप्सी), दिव्यांगजनों, समलैंगिक, राजनीतिक विरोधी और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के लोगों को यातना शिविरों और गैस चैंबरों में मार डाला गया था। ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने कहा कि उनके लिए यह "सौभाग्य और गर्व" की बात है कि वह श्लॉस को जानते थे। महाराजा चार्ल्स ने कहा, "युवावस्था में उन्होंने जिन भयावहताओं का सामना किया, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसके बावजूद उन्होंने अपना शेष जीवन नफरत और भेदभाव को खत्म करने में लगा दिया।

## ऑफ बीट

### रूमाल या टिश्यू, स्वास्थ्य के लिए कौन बेहतर

आज, हम जानते हैं कि नाक से निकलने वाले स्राव में ठंडे प्रकार के वायरस पाए जाते हैं जो कई सतहों पर स्थानांतरित हो सकते हैं - हाथ, रूमाल, टिश्यू,



दरवाज़े के हैंडल, कीबोर्ड - कभी-कभी शुरुआती जोखिम के बाद भी लंबे समय तक जीवित रहते हैं। इसलिए दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले सूती रूमाल में अपनी नाक साफ करना, फिर किसी अन्य वस्तु को छूना, इसका मतलब है कि ये वायरस फैल सकते हैं। यहां तक कि अगर आप अपने सूती रूमाल को तुरंत धोने के लिए रख देते हैं, तो भी आप दरवाजे की कुंडी जैसी सतहों को दूषित कर देंगे, और वॉशिंग मशीन को चलाने के लिए अपने संक्रमित हाथों का उपयोग करेंगे। वायरस टिशू पर इतने लंबे समय तक जीवित नहीं रह पाते हैं। बशर्ते आप टिश्यू का उपयोग करने के बाद उन्हें फेंक दें, और उन्हें दूसरों के उठाने के लिए इधर-उधर नहीं छोड़ें, तभी इस्तेमाल किए गए टिश्यू से दूसरों तक रोगाणु पहुंचने की संभावना बहुत कम होती है। फिर सवाल यह है कि क्या रुमाल या टिश्यू खांसी और सांस के रास्ते निकलने वाले थूक को रोकने के लिए प्रभावी हैं। रूमाल जैसे बुनियादी कपड़े के आवरण, टिश्यू की तरह, थूक को पकड़ सकते हैं।

## ट्रेंड

### भाषा कभी बाधा नहीं



'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' भारतीय भाषा आधारित शिक्षा की परिकल्पना को आगे बढ़ाती है। भारत विविधता में एकता का जीवंत उदाहरण है, जहाँ भाषा कभी बाधा नहीं, समाज को जोड़ने का माध्यम रही है। हमारी सभ्यता ने सदैव भाषाओं को संवाद और सांस्कृतिक समरसता का सेतु माना है।
- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### विनम्र श्रद्धांजलि



आधुनिक हिंदी साहित्य के पितामह, युग प्रवर्तक साहित्यकार भारतेन्दु हरिश्चंद की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ! साहित्य के माध्यम से राष्ट्र और समाज की जागृति के आपके पुनीत प्रयासों के लिए देशवासी सदैव आपके ऋणी रहेंगे।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### मनरेगा से छेड़छाड़ अस्वीकार्य



मनरेगा की आत्मा से छेड़छाड़ कभी स्वीकार्य नहीं। आज प्रख्यात अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज़े से बातचीत में मैंने यह स्पष्ट किया कि केंद्र द्वारा मनरेगा की योजना में बदलाव ग्रामीण गरीबों के अधिकारों पर सीधा हमला है। मजदूरी, काम की गारंटी और राज्यों के अधिकारों से समझौता नहीं होगा।
- हेमन्त सोरेन, सीएम, झारखंड

### पैसे और ज़मीन की भूख



यूपी में सत्ता सजातीयों के दुस्साहस ने फौजियों तक की ज़मीन हथिया ली है, भाजपा जब सैनिकों तक की सगी नहीं है, तो समझ लीजिए उनकी पैसे और ज़मीन की भूख किस हद तक गिर सकती है।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा



# अंतरराज्यीय अवैध खनन की होगी सख्त निगरानी

## सरकार ने उठाया बड़ा कदम, सीमावर्ती राज्यों के साथ मिलकर संयुक्त प्रवर्तन और निगरानी तंत्र को मजबूत बनाने के प्रयास

विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने अंतरराज्यीय अवैध रेत खनन और बिक्री को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। इसके लिए यूपी भूतत्व और खनिकर्म विभाग ने प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार से सक्रिय सहयोग की मांग की है। इन राज्यों के खनन विभाग और प्रशासन से मिलकर संयुक्त प्रवर्तन और निगरानी तंत्र तैयार किया जा रहा है। इसके लिए पड़ोसी राज्यों से वैध ट्रांजिट पास के साथ अंतरराज्यीय परिवहन प्रपत्र (आईएसटीपी) की अनिवार्यता पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही इंटीग्रेटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रभावी निगरानी तंत्र बनाया जा रहा है। भूतत्व और खनिकर्म विभाग का ये कदम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के मुताबिक गंगा बेसिन में रेत के अवैध खनन और बिक्री पर रोक के साथ पर्यावरणीय संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



● भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने एमपी, उत्तराखंड और बिहार से मांगा सहयोग, चलेगा संयुक्त छापेमारी अभियान

यूपी भूतत्व और खनिकर्म विभाग ने मुख्य सचिव की बैठक में प्रदेश में अंतरराज्यीय अवैध रेत खनन, परिवहन और बिक्री को रोकने के लिए सीमावर्ती पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर संयुक्त निगरानी और प्रवर्तन तंत्र के बारें में विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में विभाग की ओर से मध्य प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड के संबंधित विभागों के साथ पत्राचार किया गया है। सबसे ज्यादा जोर अन्य राज्यों से उत्तर प्रदेश में आने वाले लोडिंग वाहनों के लिए वैध ट्रांजिट पास के साथ अंतरराज्यीय परिवहन प्रपत्र (आईएसटीपी) की अनिवार्यता पर है।

सीमावर्ती जिलों में ट्रांजिट पास जारी करते समय ही देय अंतरराज्यीय परिवहन शुल्क जमा कराने की बात भी कही गई। इसके लिए इंटीग्रेटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रभावी निगरानी रखने की तैयारी की जा रही है जो न केवल अवैध परिवहन को रोकेगा साथ ही पारदर्शिता और राजस्व संग्रह में भी बढ़ोतरी करेगा। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि पड़ोसी राज्यों से सीमावर्ती जिलों में सभी लोडिंग पॉइंट्स जैसे खनन पट्टे, खनिज भंडारण स्थल और क्रशरों पर वाहन लोडिंग नियमों का कड़ाई से पालन करने और ओवरलोडिंग संबंधी जानकारी साझा की जाएगी। इसके साथ ही सीमावर्ती राज्यों में स्थापित चेकगेट्स और चेकपोस्ट्स की सूची उपलब्ध कराने और यूपी की ओर निकलने वाले वाहनों का विवरण नियमित रूप से साझा करने की बात कही। ये कार्य रियल टाइम डेटा के आधार पर सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारी और खनन निदेशालय मिल कर करेंगे जिससे संयुक्त निगरानी और छापेमारी की कार्रवाई आसानी से की जा सकेगी।


अधिकारियों ने बैठक में बताया कि इस संबंध में सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस, परिवहन और खनन विभाग के अधिकारियों के साथ मासिक समन्वय बैठकें करने की भी बात कही गई है। जिसके माध्यम से पड़ोसी राज्यों के अधिकारी और टास्क फोर्स सदस्य साथ मिलकर संयुक्त प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करेगें। ये पहल प्रदेश में अवैध रेत खनन के निगरानी तंत्र को मजबूत बनाने और साथ ही अंतरराज्यीय अवैध रेत खनन पर रोक लगाएगा। अधिकारियों ने बाताया कि इससे पहले ड्रोन सर्वे और जीपीएस ट्रैकिंग जैसी तकनीकों को भी अपनाया गया है, लेकिन अंतरराज्यीय सीमाओं वाले जिलों में चुनौतियां बनी हुई हैं।

पड़ोसी राज्यों के सहयोग से यूपी भूतत्व और खनिकर्म विभाग का यह प्रयास न केवल राजस्व में वृद्धि लाएगा बल्कि गंगा बेसिन में रेत के अवैध खनन पर लगाम लगाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# अब पॉलिथीन नहीं, गोबर से बनेंगे 5 करोड़ गमले, 7000 गोशालाओं में होगा प्रोडक्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार ने एक बड़ा और दूरगामी कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आत्मनिर्भर गोशाला मॉडल के तहत प्रदेश में पौधरोपण के लिए अब पॉलीथिन की जगह गोबर से बने ऑर्गेनिक गमलों का उपयोग करने की तैयारी है। इस उद्देश्य से प्रदेश की करीब 7000 गोशालाओं में बड़े पैमाने पर इन गमलों का उत्पादन किया जाएगा। इससे हर जिले में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा और गो पालकों के लिए अवसर बढ़ेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं के अनुरूप उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग ने एक विशेष योजना तैयार की है। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि इसके तहत होने वाले वृहद पौधरोपण अभियान में पौधों को पॉलीथिन के स्थान पर गोबर के गमलों में रोपित करने की योजना बनाई जा रही है। आयोग का प्लान है कि इस वर्ष गोबर के लगभग 5 करोड़ गमलों का निर्माण कर इस अभियान को शुरू किया जाए। उन्होंने बताया कि योजना को लेकर वन मंत्री डॉ अरुण सक्सेना से मिलकर विचार-विमर्श किया। तय किया गया है कि नर्सरियों में बड़े पैमाने पर ऑर्गेनिक गमले का प्रयोग शुरू किया जाएगा।



उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि 5 करोड़ गमलों के निर्माण का यह काम प्रदेश के प्रत्येक जनपद में महिला स्वयं सहायता समूह और युवा उद्यमियों के माध्यम से कराया जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल गोवंश संरक्षण, पोषण सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और आत्मनिर्भर गोशालाओं की दिशा में एक ठोस कदम साबित होगा। गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि वृहद पौधरोपण अभियान में गोबर से बने ऑर्गेनिक कम्पोस्ट वाले गमलों का उपयोग किया जाएगा, जिससे प्लास्टिक कचरे में कमी आएगी और मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ेगी। इस पहल के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी और प्रदेश की सभी गोशालाओं को आजीविका से जोड़ा जा सकेगा। गोबर से बने ये ऑर्गेनिक गमले पौधरोपण के बाद भूमि में स्वतः विलीन हो जाते हैं, जिससे पौधों की जड़ों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता तथा प्रारंभिक अवस्था में उन्हें एक वर्ष तक आवश्यक पोषण भी प्राप्त होता है। इससे पौधों के जीवित रहने की दर में वृद्धि होगी और पौधरोपण अभियानों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। आयोग का मानना है कि इस पहल से केवल पर्यावरण संरक्षण ही नहीं होगा, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता भी सुनिश्चित होगी।

# उपयोगी संसाधन में बदलें एग्रो वेस्ट

## तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए भारत को आयात घटाना और निर्यात बढ़ाना होगा: गडकरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि अगर भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है, तो उसे आयात घटाने और निर्यात बढ़ाने पर खास ध्यान देना होगा।

गडकरी ने सीएसआईआर के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि अपशिष्ट (एग्रो-वेस्ट) को उपयोगी संसाधन में बदला जा सकता है, जिससे न केवल किसानों को फायदा होगा बल्कि कच्चे तेल के आयात पर देश की निर्भरता भी कम की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में पेट्रोलियम-रहित घटक बायो-बिटुमेन का इस्तेमाल विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में एक रूपांतरकारी कदम है। गडकरी ने कहा कि एग्रो-वेस्ट के उपयोग से पराली जलाने से होने वाला प्रदूषण घटेगा और संसाधनों के अधिकतम इस्तेमाल पर आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि यदि वाहन ईंधन में 15 प्रतिशत मिलावट की जाये तो भारत करीब 4,500 करोड़ डॉलर की विदेशी मुद्रा बचा सकता है और आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता में बड़ी कमी आ सकती है।




गडकरी ने कहा कि फिलहाल दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत को तीसरे स्थान पर पहुंचने के लिए अपना आयात घटाने और निर्यात को बढ़ाने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि भारत व्यावसायिक स्तर पर बायो-बिटुमेन का उत्पादन शुरू करने वाला दुनिया का पहला देश है। इससे किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर मिलेंगे, ग्रामीण रोजगार बढ़ेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मंत्री ने बायो-बिटुमेन के इस्तेमाल को टिकाऊविकास, आत्मनिर्भरता और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार वृद्धि की दिशा में केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण बताया। गडकरी ने कृषि और निर्माण उपकरण विनिर्माताओं से वैकल्पिक ईंधन और फ्लेक्स-इंजन आधारित वाहनों को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने बताया कि सरकार ने हरित हाइड्रोजन से चलने वाले ट्रकों के लिए देश के अलग-अलग हिस्सों में 10 राजमार्ग खंड चिन्हित किए हैं। लेकिन उन्होंने हाइड्रोजन ईंधन के परिवहन को एक बड़ी चुनौती बताया। गडकरी ने कहा कि भारत को ऊर्जा का आयातक नहीं, बल्कि निर्यातक बनना चाहिए। गडकरी ने कहा कि देश हर साल करीब 22 लाख करोड़ रुपये जीवाश्म ईंधन के आयात पर खर्च करता है, जिसकी वजह से प्रदूषण की समस्या भी बढ़ रही है।

# कश्मीर के भद्रवाह के ऊंचे इलाकों में ताजा हिमपात, पर्यटकों में खुशी

भद्रवाह/जम्मू। जम्मू कश्मीर के डोडा जिले के भद्रवाह के ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा हिमपात हुआ जिससे पर्यटकों के चेहरे खिल गए। ये पर्यटक हिमपात की उम्मीद में इस खूबसूरत घाटी में आए थे, जिससे उनकी लंबे समय से चली आ रही इच्छा पूरी हो गई।

देश के अलग-अलग हिस्सों, खासकर महाराष्ट्र से आए पर्यटकों ने कहा कि उन्होंने पहली बार बर्फबारी देखी, जिसे उन्होंने एक सुखद आश्चर्य बताया। बर्फ से ढके पहाड़ी नज़ारों का आनंद लेने के लिए पर्यटक बड़ी संख्या में भद्रवाह-पठानकोट राजमार्ग पर गुलडांडा (9,555 फुट), पंज नाला (10,200 फुट) और छत्तरगल्ला (10,500 फुट) पर जमा हुए। नए साल के दिन हुई बर्फबारी ने दो महीने से ज़्यादा समय के सूखे को खत्म कर दिया और भद्रवाह घाटी में पर्यटन के फिर से शुरू होने की उम्मीद जगाई, जिसमें रोज़ाना सैकड़ों पर्यटक वाहन मुख्य जगहों पर पहुंच रहे हैं। कई पर्यटकों ने बर्फबारी को जादुई और लुभावनी बताया, इस अनुभव ने खासकर देश के अलग-अलग हिस्सों से पहली बार आने वाले पर्यटकों के लिए इसे यादगार पल बना दिया। महाराष्ट्र के नासिक की रहने वाली आरती गल्पे (18) ने कहा, भारी बर्फबारी की वजह से बहुत ठंड है, लेकिन हम इसके हर पल का मज़ा ले रहे हैं। बर्फ से ढका नजारा सच में बहुत सुंदर है, और पहली बार इसे अनुभव करना एक ऐसी चीज है जिसे हम हमेशा याद रखेंगे। महाराष्ट्र के ही एक और पर्यटक दत्तात्रेय फौडे ने कहा कि पहली बार बर्फबारी देखने का अनुभव किसी परी कथा जैसा है। उन्होंने कहा, मैंने यह केवल सिनेमा में देखा था, यह जगह घूमने लायक है और ज़िंदगी में कम से कम एक बार सभी को यहां आना चाहिए।



**नाम सुधार के संबंध में शपथ पत्र**

मैं अनिता पति अजय, आयु लगभग 43 वर्ष, निवासी ग्राम दरीर्डाड वार्ड न. 46 गहिरा गुरु वार्ड अम्बिकापुर, थाना गांधीनगर व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० की निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ 01. मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरी पुत्री रानी रिकाशन RANI RIKASHAN के आघर कार्ड क्रमांक - 399736162004 में त्रुटिवश उसका घरेलु नाम कुमारी वर्षा अंकित हो गया है जो गलत है जबकि उसके जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य शैक्षणिक दस्तावेज में उसका नाम रानी रिकाशन RANI RIKASHAN अंकित है जो सत्य व सही है। 02 मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश अंकित उसका नाम कुमारी वर्षा को विलोपित कर उसका सही नाम रानी रिकाशन RANI RIKASHAN अंकित किये जाने हेतु स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ता
अनिता

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ०ग०)**
**रा०प्र०क्र०-/ब-121/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलम अग्रवाल पत्नी जयभगवान अग्रवाल निवासी जवाहर नगर अम्बेडकर चौक के पास अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 311/5 रकबा 0.023 हे0 भूमि को अनावेदक सचिन अग्रवाल आ० एस०एस० अग्रवाल निवासी श्यामसुंदर एण्ड सन्स सदर रोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग) के पास अंकन राषि रुपए 18,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एव प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 21/01/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनाक 06/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर,

# खेमपुर में सड़क निर्माण कार्य पर प्रदर्शन: ग्रामीणों ने मानक के विपरीत काम का आरोप लगाया

संवाददाता

कोन ।सोनभद्र के विकास खंड कोन स्थित खेमपुर में सड़क निर्माण कार्य में कथित तौर पर मानक की अनदेखी को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। यह सड़क पीडब्ल्यूडी द्वारा लगभग 500 मीटर लंबाई में बनाई जा रही है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सड़क निर्माण में नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। उनके अनुसार, बिना उचित साफ-सफाई के ही निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जो जांच का विषय है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि सड़क का निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप किया जाए। उनका कहना है कि ऐसा न होने पर सड़क जल्द क्षतिग्रस्त हो सकती है और सरकारी धन की बबार्दी होगी।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202601020700029/**
**विषय:- अ-27**
**मामले की श्रेणी:- राजस्व**
**सन:- 2025-2026**
**सुभाषनगर प.ह.न. 00017 [129/2(1.60000)]**
**पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार संजय सोनी, नवीन सोनी.**
**अनावेदक पक्षकार - संजय सोनी, नवीन सोनी,**
**ईश्तहार**

आवेदक संजय कुमार सोनी पिता स्व० जगदीश प्रसाद सोनी, निवासी मायापुर, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा माननीय न्यायालय श्रीमान पंचम व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग-2 अम्बिकापुर के व्य० वाद क्रमांक 27-ए/2014 पक्षकार नवीन सोनी प्रति संजय सोनी में पारित आदेश दिनांक 19/01/2015 के परिपालन में ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नंबर 129/2 रकबा 1.600 हे० भूमि को उभयपक्ष के मध्य में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 09/02/2026 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/01/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202601020700027/**
**विषय:- अ-27**
**मामले की श्रेणी:- राजस्व**
**सन:-2025-2026**
**नमनाकला प.ह.न. 00020 [243/279(0.2390हे0)]**
**पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - संजय कुमार सोनी, नवीन कुमार सोनी, अनावेदक पक्षकार - संजय कुमार सोनी, नवीन कुमार सोनी.**
**ईश्तहार**

आवेदक संजय कुमार सोनी पिता स्व० जगदीश प्रसाद सोनी, निवासी मायापुर, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा माननीय न्यायालय श्रीमान पंचम व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग-2 अम्बिकापुर के व्य०वाद क्रमांक 27 ए/2014 पक्षकार नवीन सोनी प्रति संजय सोनी में पारित आदेश दिनांक 19/01/2015 के परिपालन में ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 243/279 रकबा 0.239 हे० भूमि को उभयपक्ष के मध्य में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 09/02/2026 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/01/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
अम्बिकापुर

# समाजसेवी रामबिहारी पाण्डेय ने गरीबों में बांटा कंबल

संवाददाता

बांसगांव, विकासखंड बांसगांव के ग्राम पंचायत देवडार खुर्द में समाजसेवी राम बिहारी पांडेय उनके सुपुत्र अमित पांडेय, संदीप पांडेय के सौजन्य से गरीब असहाय व्यक्तियों में लगभग 300 कंबलों का वितरण किया गया कड़ाके की ठंड में उनके द्वारा किए गए इस कार्य को पूरे ग्राम सभा में भूरी भूरी प्रशंसा की गई जो पात्र लोग इस ठंड में कंबल पाए उन्होंने राम बिहारी पांडेय एवं उनके परिवार को आशीर्वाद एवं शुभकामनायें दिया और इस कार्य को पुनीत कार्य बताया। आपको बताते चलें हर वर्ष जाड़े के मौसम में समाजसेवियों द्वारा कंबल वितरण का काम किया जाता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुन्नर पांडेय ने समाजसेवी एवं सम्मानित लोगो से कहा कि अगर आप सक्षम हैं तो आगे बढ़कर के गरीबों असहयों के लिए काम करते रहना चाहिए।इस अवसर पर गांव के सम्मानित नागरिक गण उपेंद्रनाथ पांडेय रमेश चंद्र पांडेय सुधाकर पांडेय विनोद गौतम अमित अनिल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क०-/अ-6/2024-25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय कुमार सिन्हा आ०स्व० विरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, उम्र 62 वर्ष निवासी जोडापीपल केदारपुर, अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा राजस्व प्रकरण कमांक 3/अ-6/2016-17 पक्षकार संजय कुमार सिन्हा प्रति अनुजा प्रसाद में पारित आदेश दिनांक 30/06/2017 के परिपालन में वादभूमि भूखण्ड क्रमांक 205/2, 206/2 रकबा क्रमशः 0.10, 0.15 एकड़ भूमि के नजूल अभिलेख दुरुस्त किये जाने हेतु राजस्व प्रकरण कमांक 3/अ-6/2016-17 में पारित आदेश दिनाक 30/06/2017 के छायाप्रति गय दस्तोवज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 114, 115 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा मापत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 23/01/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनाक 07/01/2026 न्यायालयीन मुद्रा एव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 20260102070037**
**विषय:- अ-6**
**मामले की श्रेणी:- राजस्व**
**सन:-2025-2026**
**नमनाकला प.ह.न. 00020 [175/2(0.0240हे0)]**
**पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार चंदेश्वरी मरावी, अनावेदक पक्षकार -जयलाल,**
**ईश्तहार**

आवेदक चंदेश्वरी मरावी पत्नी स्व० जयलाल मरावी व अन्य निवासी पटपरिया तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित भूमि खसरा नंबर 175/2 रकबा 0.024 है० भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृतक खातेदार जयलाल मरावी का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30/01/2026 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/01/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
अम्बिकापुर

# भारत ऊर्जा सप्ताह -2026: 27 से 30 जनवरी तक गोवा में वैश्विक ऊर्जा मंथन


संवाददाता

ऊर्जा सुरक्षा, निवेश और कार्बन उत्सर्जन में कमी पर 120 से अधिक देशों के मंत्री, सीईओ और नीति-निमार्ता करेंगे विचार-विमर्श। उत्तर प्रदेश। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में भारत ऊर्जा सप्ताह-2026 का आयोजन 27 से 30 जनवरी 2026 तक गोवा में किया जाएगा। यह भारत का प्रमुख वैश्विक ऊर्जा मंच है, जिसमें दुनिया भर के ऊर्जा मंत्री, नीति-निमार्ता, वैश्विक सीईओ, उद्योग प्रमुख और विशेषज्ञ भाग लेंगे। चार दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ऊर्जा सुरक्षा, निवेश संवर्धन, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन, कार्बन उत्सर्जन में कमी, हरित हाइड्रोजन, जैव-ईंधन और टिकाऊ ऊर्जा प्रणालियों जैसे विषयों पर व्यापक विमर्श होगा। सम्मेलन में 120 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी प्रस्तावित है, जो इसे वैश्विक ऊर्जा संवाद का एक महत्वपूर्ण मंच बनाएगा। भारत ऊर्जा सप्ताह2026 में मंत्रिस्तरीय राउंड टेबल बैठकें, सीईओ संवाद, रणनीतिक नीति सत्र, तकनीकी सम्मेलन और एक विशाल अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में ऊर्जा क्षेत्र की नवीनतम तकनीकों, नवाचारों और समाधान को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे वैश्विक निवेश और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। सम्मेलन का उद्देश्य ऊर्जा उपलब्धता, वहन-योग्यता, पहुंच और स्थिरता के बीच संतुलन स्थापित करने पर वैश्विक सहमति बनाना है। इस मंच के माध्यम से विकासशील और विकसित देशों के बीच सहयोग को सशक्त किया जाएगा, ताकि ऊर्जा संक्रमण को व्यावहारिक और समावेशी बनाया जा सके। भारत ऊर्जा सप्ताह2026 में भारत की इथेनॉल मिश्रण नीति, हरित हाइड्रोजन मिशन, जैव-ईंधन पहल, ऊर्जा अवसंरचना विस्तार और आत्मनिर्भर ऊर्जा रणनीति पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# जनता दर्शन के माध्यम से पुलिस-जन संवाद मजबूत-एसपी सोनभद्र ने दिए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

संवाददाता

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं धैर्यपूर्वक सुना गया। जनता दर्शन में उपस्थित फरियादियों द्वारा भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, धोखाधड़ी सहित अन्य पुलिस संबंधी समस्याओं से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा प्रत्येक फरियादी की समस्या को व्यक्तिगत रूप से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं कानून के दायरे में किया जाए तथा किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि जिन प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है, उनमें तत्काल प्रभाव से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से आमजन की समस्याओं को सीधे सुनकर समाधान करने का उद्देश्य पुलिस-जन संवाद को मजबूत करना एवं आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करना है। जनता दर्शन के दौरान संबंधित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





# कार्तिक की जिंदगी में आई नई मिस्ट्री गर्ल

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन का नाम पिछले कुछ समय से एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ जोड़ा जा रहा है। लेकिन, हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिसके बाद यह अटकलें तेज हो गईं कि कार्तिक आर्यन की जिंदगी में नई मिस्ट्री गर्ल की एंट्री हो चुकी है। कार्तिक आर्यन इन दिनों गोवा में छुट्टियां मना रहे हैं। उन्होंने सोमवार को कुछ तस्वीरें अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट कीं, जिसमें वह बीच (समंदर) किनारे आराम फरमा रहे हैं। सामने एक बीचबॉल गेम का नेट लगा है। बिल्कुल इसी तरह की लोकेशन की फोटो करीना नाम की एक लड़की ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। वह भी गोवा में छुट्टियां मना रही हैं।

## लाइफ Style

# तारा

## 15 साल में शुरू की थी एक्टिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तारा सुतारिया बॉलीवुड की उन खूबसूरत अदाकाराओं में से एक हैं जिन्होंने छोटे पर्दे से अपना कॅरियर शुरू किया है। तारा ने काफी छोटी उम्र से ही पर्दे पर लोगों का दिल जीता है। इन दिनों तारा 'केजीएफ' स्टार यश के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर काफी चर्चा में हैं।

हाल ही में तारा सिंगर एपी ढिल्लन के कॉन्सर्ट को लेकर काफी विवादों में रहीं। यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में तारा अहम भूमिका में नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में तारा के किरदार का नाम रेबेका है। पोस्टर सामने आते ही तारा सुतारिया के किरदार की जबरदस्त चर्चा है जिसमें उनके हाथ में गन भी दिख रहा है। तारा का इंटेंस लुक काफी इंप्रेसिव है। वैसे तारा उन दर्शकों के दिलों में सालों से हैं जो डिज्नी इंडिया देखकर बड़े हुए हैं।मुंबई में पली-बढ़ीं तारा सुतारिया ने बहुत छोटी उम्र से ही म्यूजिक, डांस और थिएटर की ट्रेनिंग लेकर एक्टिंग करना शुरू कर दिया था। तारा ने साल 2010 में डिज्नी चैनल के शो 'बिग बड़ा बूम' में से में छोटे पर्दे पर कदम रखा था। इसके बाद साल 2011 में आई थी 'एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा।' साल 2012 में 'बेस्ट ऑफ लक निक्की' का भी हिस्सा रहीं तारा सुतारिया। साल 2012 कॉमेडी शो 'द सूट लाइफ ऑफ करण एंड कबीर' में भी तारा नजर आईं। इस शो में तारा विन्नी मिश्रा यानी विनीता के किरदार में दिखीं और काफी सुर्खियां भी बटोरीं। उन्होंने साल 2013 में 'ओए जस्सी' में भी एक्टिंग की थी। इस शो में तारा ने जसप्रीत का किरदार निभाया था।



## हॉलीवुड मसाला



# जिमी ने ट्रंप का उड़ाया मजाक

लॉस एंजिल्स। जिमी किमेल को 'बेस्ट टॉक शो' होस्ट के लिए क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 मिला है। इस दौरान जब वह स्टेज पर अवॉर्ड लेने पहुंचे तो अपने अंदाज में अमेरिकी राष्ट्रपति पर चुटकी लेने से बाज नहीं आए। 4 जनवरी को क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 के मंच पर जिमी किमेल ने डोनाल्ड ट्रंप को पब्लिकली धन्यवाद दिया। लेकिन, उनका अंदाज कुछ ऐसा था कि वहां ठहाके गूंजने लगे। उन्होंने अपने अवॉर्ड जीतने और टॉक शो की सफलता का श्रेय पूर्व राष्ट्रपति के कामों को दिया।



# ओडेलिया की प्रिंस से जबरदस्ती हुई शादी

लॉस एंजिल्स। मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने मलयेशिया के प्रिंस से अपनी शादी को लेकर अब एक ऐसा बयान जारी किया है जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया है। मॉडल ने बताया कि उनकी शादी उनकी मर्जी के खिलाफ थी। इंडोनेशियन-अमेरिकन मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने अपनी जिंदगी के उस सच को दुनिया के सामने रखा है जिसने सभी को झकझोर दिया है। वर्षों तक खामोशी में जीने के बाद मनोहरा ने अब खुलकर कहा है कि उनका नाम जिस 'शाही शादी'से जोड़ा गया, वह न तो उनकी मर्जी से थी और न ही कानूनी रूप से सही थी। साल 2008 में


जब उनकी शादी मलयेशिया के केलंतान राज्य के शाही परिवार से जुड़े तेंगकु फाखरी से हुई, तब मनोहरा महज 16 साल की थीं। उस उम्र में जब किसी किशोरी को अपने सपने गढ़ने चाहिए होते हैं।



# फिल्मों में जबरस्त वापसी की तैयारी में...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने हाल ही में फिल्मों में जबरदस्त कमबैक करने की तैयारी कर ली है। कंगना ने फैंस के साथ वीडियो साझा करते हुए बताया है कि वो नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुकी हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत फिल्मों में जबरदस्त वापसी करने के लिए तैयार हैं। लंबे समय से राजनीतिक जिम्मेदारियों और फिल्मों के बीच संतुलन बनाती नजर आ रहीं कंगना ने अपनी अगली फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की शूटिंग शुरू कर दी है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की पुष्टि की और फिल्म के

सेट से कुछ झलकियां भी साझा कीं, जिसे देखकर उनके प्रशंसकों में उत्साह साफ नजर आया। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी प्रोडक्शन कंपनी की ओर से शेयर किए गए एक वीडियो को रीपोस्ट किया।



# हार्दिक की गर्लफ्रेंड से मिले बिग बी...

**मुंबई।** हार्दिक पांड्या और उनकी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वो अमिताभ बच्चन के साथ नजर आ रहे हैं। हार्दिक ने बिग बी से अपनी गर्लफ्रेंड का परिचय करवाया। सभी 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' इवेंट में शामिल हुए थे, जो बीती रात को मुंबई में आयोजित हुआ था। मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन की तरफ से बीती रात को 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' प्रोग्राम का आयोजन हुआ। नीता अंबानी की अध्यक्षता में आयोजित इस इवेंट में क्रिकेट जगत सहित अन्य मशहूर हस्तियों ने भी शिरकत की। अब एक

वीडियो सामने आया है, जिसमें हार्दिक पांड्या अपनी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का परिचय अमिताभ बच्चन से करवा रहे हैं। बिग बी ने क्रिकेटर की तरफ इशारा करते हुए कुछ कहा और तीनों हंस पड़े। ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

## टीवी मसाला




# स्पेस जेन चंद्रयान सीरीज में भारत का चांद तक का सफर

**नई दिल्ली।** टीवीएफ इस बार एकदम अलग हटकर वेब सीरीज लेकर आ रहा है, जो इसरो, चंद्रयान, भारत के चांद तक के पहुंचने के मुश्किल सफर को दिखाती है। ये उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी है, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इस शो में नकुल मेहता से लेकर श्रिया सरन सहित कई सितारे नजर आएंगे। टीवीएफ अपनी पंचायत, कोटा फैक्ट्री, एस्पिरेंट्स सहित अन्य फेमस वेब सीरीज के लिए जाना जाता है। अब ये एक नई सीरीज लेकर आ रहा है, जिसमें भारत के चांद पर पहुंचने का एक मुश्किल सफर दिखाया जाएगा। मंगलवार, 6 जनवरी को इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है। शो में श्रयिा सरन, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और सौरभ द्ववेिदी सहित कई जाने-माने चेहरे नजर आएंगे। इसकी रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। 'स्पेस जेन चंद्रयान' के टीजर में दिखाया गया है कि जो चीज किसी ने नहीं देखी, वहां तक लिमिटेड रिसोर्स तक पहुंचना, इसरो से बेहतर किसी को नहीं आता। दुनिया को दिखाने की एक जिद कि ल्यूनर साउथ पोल तक पहुंचने वाला पहला देश भारत होगा। पर साइंटिस्टों को विफलता मिलती है। ऐसे में सवाल उठने लगते हैं कि इस नाकामयाबी के बाद चंद्रयान 3 कैसे बनाएंगे? पर आखिरी में दिखाया गया है कि इसरो भारत को एक स्पेस पावर बनाकर रहेगा। इस वीडियो को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- चांद तक का सफर आसान तो नहीं था, पर भारत के लिए नामुमकिन भी नहीं था। उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी देखिए, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इसे अरुनभ कुमार ने क्रिएट किया है। डायरेक्टर अनंत सिंह हैं। कहानी को शुभम शर्मा, प्रशांत कुमार और नितिन तिवारी ने लिखा है।

## हटके होगी इस बार मास्टर शेफ की थीम

**नई दिल्ली।** मास्टरशेफ इंडिया 9 ने पहले ही काफी एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, क्योंकि इस सीजन में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाला जजिंग पैनल वापस आ गया है। शेफ विकास खन्ना, शेफ कुणाल कपूर और शेफ रणवीर बरार जज के तौर पर वापसी करने वाले हैं। इस बार शो की थीम सुनकर आप खुश होने वाले हैं क्योंकि इस बार शो में सिर्फ भारतीय व्यंजनों की ही खुशबू आने वाली है। भारत के अलग-अलग राज्यों और क्षेत्रों की डिशेज जजों के सामने परोसी जाएगी। इस बार शो की थीम 'भारत का गौरव' है। ऑडियंस को कई भारतीय क्विजिन के बारे में जानने को मिलेगा। वहीं, विदेशों में भारतीय खाने की खूबियां बताई जाएंगी। मास्टरशेफ इंडिया सीजन 9, 5 जनवरी से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रीमियर हो रहा है। लंबे इंतजार के बाद यह पॉपुलर कुकिंग रियलिटी शो टैलेंट और इमोशन्स से भरे एक बिल्कुल नए सीजन के साथ वापस आने के लिए तैयार है।



# मस्ती भरा राहु-केतु का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे स्टारर 'राहु केतु'का फाइल ट्रेलर आज सामने आया है। ट्रेलर पूरा मस्ती से भरा हुआ है। जिसमें पुलकित और वरुण मस्ती करते नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में शालिनी पांडे भी अपनी हॉट अदाएं दिखाते दिख रहे हैं। 3 मिनट 7 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत पीयूष मिश्रा की आवाज के साथ होती है। जिसमें वो लोगों को दो लोगों के बारे में बताते हैं। जिनका परिचय देते हुए वो कहते हैं हिमाचल के शहर कुल्लू और वहां के दो उल्लू जिनका नाम राहु-केतु है। फिर पर्दे पर दिखते हैं वरुण शर्मा और पुलकित सम्राट। इसके बाद दोनों की कॉमडी शुरू होती है, जिसे देखकर आपको कई मौकों पर 'फुकरे' की याद आती है। फिल्म के नाम से ही पता चलता है कि वरुण और पुलकित पनौती हैं, जहां जाते हैं कुछ न कुछ गड़बड़ कर देते हैं। हालांकि, ट्रेलर को देखकर ऐसा लगता है कि इसी दौरान ये कुछ ऐसा करते हैं, जिससे भ्रष्टाचारियों का खुलासा हो जाता है। जाहिर है कि मेकर्स ने कॉमेडी के साथ-साथ एक संदेश भी देने की कोशिश की है। ट्रेलर में वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट और शालिनी पांडे के अलावा बाकी कास्ट भी नजर आती है। जिसमें पीयूष मिश्रा के अलावा अमित सियाल, चंकी पांडे और मनु ऋषि जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। पीयूष मिश्रा का लुक आपको 'तमाशा'में उनके किरदार की याद दिलाता है।




# धुरंधर ने आरआरआर को भी चटाई धूल वर्ल्डवाइड कलेक्शन में मारी बाजी...

**मुंबई।** धुरंधर ने कमाई के मामले में कई फिल्मों को अब तक पछाड़ दिया है। हाल ही में आरआरआर को भी कलेक्शन के मामले में इसने पीछे छोड़ दिया है। धुरंधर को बॉक्स ऑफिस पर 32 दिन हो चुके हैं। फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। वहीं, वर्ल्डवाइड कलेक्शन में इस फिल्म ने हाल ही में आरआरआर जैसी सुपरहिट फिल्म को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म धुरंधर के मेकर्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किए, जिसमें बताया कि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1,240 करोड़ रुपए कलेक्शन कर लिया है। साथ ही मेकर्स ने यह जानकारी भी साझा की कि भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म 820.30 करोड़ रुपए कमा चुकी है। फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आरआरआर को भी पीछे छोड़ दिया है। सैकनिल्क के

## धुरंधर ने वर्ल्डवाइड पार किया 1200 करोड़ का आंकड़ा




अनुसार एसएस राजामौली निर्देशित की फिल्म आरआरआर ने वर्ल्डवाइड 1230 करोड़ रुपए की कमाई थी। यह फिल्म साल 2022 की सबसे बड़ी हिट फिल्म थी। इस फिल्म ने आस्कर अवॉर्ड में भी अपना जलवा चलाया था, इस फिल्म के गाने 'नाटू नाटू' को बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। फिल्म धुरंधर इस साल रिलीज हुई फिल्मों से भी वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आगे निकल चुकी है। फिल्म कांतारा चैप्टर 1 और छावा को भी इसने पछाड़ दिया है। कांतारा चैप्टर 1 ने वर्ल्डवाइड सिर्फ 900 करोड़ रुपए कमाए, वहीं छावाने वर्ल्डवाइड 809 करोड़ रुपये की कमाई थी। फिल्म धुरंधर अब वर्ल्डवाइड पुष्पा 2 के कलेक्शन को पार करने पर अपनी नजर टिकाए है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसने वर्ल्डवाइड 1742 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। अगर फिल्म धुरंधर 500 करोड़ रुपए की कमाए और करती है तो शायद फिल्म पुष्पा 2 के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को पार सके।

## ऑस्कर में भारत की उम्मीदें बरकरार, 22 जनवरी को होगी पुरस्कारों की घोषणा

# अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर में पहुंची होमबाउंड

***लॉस एंजिल्स।*** *ऑस्कर के लिए भारत की ओर से भेजी गई ऑफिशियल फिल्म 'होमबाउंड' भारत की उम्मीदों को बनाए हुए है। क्योंकि, फिल्म अकादमी पुरस्कारों में अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर के मतदान में पहुंच गई है। ऑस्कर की ओर से घोषणा की गई कि अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में दुनिया भर की पंद्रह फिल्में वोटिंग के अगले दौर में पहुंच गई हैं। इनमें भारत की 'होमबाउंड' के अलावा अर्जेंटीना, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इराक, जापान, जॉर्डन, नॉर्वे, फिलिस्तीन, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ताइवान और ट्यूनीशिया की फिल्में शामिल हैं।*



### 98 साल के इतिहास में भारत की पांचवीं फिल्म

हाल ही में ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट होने के साथ 'होमबाउंड' ने एक उपलब्धि हासिल कर ली है। यह अकादमी पुरस्कारों के 98 साल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाली भारतीय सिनेमा की पांचवीं फिल्म बन गई है। ईशान खट्टर और विशाल जेठवा स्टारर 'होमबाउंड' को ऑस्कर 2026 के अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में आखिरी नामांकन के लिए 15 फिल्मों में चुना गया है।

### नीरज घेवान ने किया है फिल्म का निर्देशन

नीरज घेवान द्वारा निर्देशित और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'होमबाउंड' बचपन के दोस्तों शोएब (ईशान खट्टर) और चंदन (विशाल जेठवा) की कहानी है। जिनका पुलिस बल में शामिल होने का सपना उनके जीवन को आकार देता है। जाह्नवी कपूर ने दोस्ती, कर्तव्य और युवा भारत के सामने आने वाले दबावों पर आधारित इस कहानी में अहम भूमिका निभाई है।

### ये फिल्में भी हुईं चयनित

'मबाउंड के अलावा चयनित हुई फिल्मों में बेलेन (अर्जेंटीना), द सीक्रेट एजेंट (ब्राजील), इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट (फ्रांस), साउंड ऑफ फॉलिंग (जर्मनी), द प्रेसिडेंट्स केक (इराक), कोकुहो (जापान), ऑल दैट्स लेफ्ट ऑफ यू (जॉर्डन), सेंटीमेंटल वैल्यू (नॉर्वे), पैलेस्टाइन 36 (फिलिस्तीन), नो अदर चॉइस (दक्षिण कोरिया), सिरात (स्पेन), लेट शिफ्ट (स्विट्जरलैंड), लेफ्ट-हैंडेड गर्ल (ताइवान) और द वॉइस ऑफ हिंद रजब (ट्यूनीशिया) शामिल हैं। इस बारे में अकादमी अवॉर्ड्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जानकारी साझा की। अकादमी पुरस्कारों के लिए आखिरी नामांकन की घोषणा गुरुवार 22 जनवरी को की जाएगी।

# कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास व स्वास्थ्य विभाग की ली समीक्षा बैठक

## आंबा में सीखने संबंधी गतिविधियां नियमित संचालित करने के निर्देश

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** गुरुवार को कलेक्टर एस. जयवर्धन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित पोषण एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने पोषण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान सभी सीडीपीओ एवं पर्यवेक्षकों को पोषण ट्रैकर ऐप में नियमित एवं शत-प्रतिशत एंट्री, आंगनबाडियों में बच्चों व महिलाओं की एनीमिया जांच तथा आवश्यकतानुसार आयरन सप्लीमेंट टैबलेट का नियमित वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर महिलाओं को पोषण के प्रति जागरूक करें और महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का उपयोग महिलाओ को बच्चों के लिए पोषक खाद्य पदार्थ उपलब्ध



कराने में करने के लिए कहा। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों की प्रगति, बच्चों की दर्ज संख्या, उन्हें दी जा रही सुविधाएं, वजन मशीन की उपलब्धता, आंगनबाड़ी की मरम्मत एवं भवन की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने सभी आंगनबाड़ियों में नियमित सीखने संबंधी गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही बेहतर पोषण के लिए कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने एंबुलेंस सुविधा को दूरस्थ क्षेत्रों तक सुदृढ़ करने, गर्भवती महिलाओं, गंभीर रोगियों सहित सभी मरीजों के लिए हर समय एंबुलेंस की पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के पंजीयन, महतारी वंदन योजना के म-ज्ञल्ब, मिशन वात्सल्य, एकीकृत बाल संरक्षण योजना तथा बाल विवाह मुक्त अभियान के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही की प्रगति की भी समीक्षा की कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को पल्स पोलियो अभियान की जानकारी ली साथ ही सभी स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, गर्भवती महिलाओं के आवश्यक मेडिकल टेस्ट, तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने हेतु ठोस कार्ययोजना बनाकर गंभीर प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में पालना केंद्र की स्थापना, चिरायु योजना, टेलीमेडिसिन की समीक्षा की तथा हाई रिस्क प्रेग्नेंसी मामलों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही संस्थागत प्रसव, सभी स्वास्थ्य केंद्रों की ओपीडी व आईपीडी, तथा शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

बैठक में बताया गया कि हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाली महिलाओं को स्वास्थ्य विभाग द्वारा टूल किट उपलब्ध कराई जा रही है। इन्हें विशेष रूप से चिन्हित कर उनके घरों पर विशेष चिन्ह बनाकर पहचान की जा रही है, ताकि उन्हें प्राथमिकता के साथ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाया जा सके।

# नववर्ष जनवरी से नो बायोमेट्रिक, नो सैलरी नियम सख्त

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में अब लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं बचेगी। नववर्ष में जनवरी से कोल कर्मचारियों का वेतन पूरी तरह बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के आधार पर ही बनाया जाएगा। यदि किसी दिन अधिकारी या कर्मचारी ने बायोमेट्रिक मशीन में इन और आउट दर्ज नहीं किया, तो उस दिन का वेतन सीधे कट जाएगा। इस संबंध में क्षेत्रीय महाप्रबंधक द्वारा गत दिनों 5 जनवरी को आदेश जारी किया गया है। आदेश के मुताबिक उसी दिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में निदेशक मानव संसाधन एसईसीएल बिलासपुर ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि जनवरी का वेतन अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक अटेंडेंस के आधार पर ही तैयार किया जाए। प्रबंधन की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि बायोमेट्रिक उपस्थिति को लेकर यह पहला निर्देश नहीं है। इससे पहले भी सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बायोमेट्रिक सिस्टम अपनाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। बावजूद इसके अब तक कई स्थानों पर लापरवाही सामने आ रही थी। नए आदेश में साफ शब्दों में कहा गया है कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की उपस्थिति बायोमेट्रिक प्रणाली में दर्ज नहीं पाई जाती और उस दिन का वेतन नहीं बनता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी या कर्मचारी की स्वयं की होगा। इस आदेश की प्रति बिश्रामपुर क्षेत्र के सभी उपक्षेत्र प्रबंधकों और विभागाध्यक्षों को भेजकर निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्ती से यह सुनिश्चित कराएं कि प्रतिदिन बायोमेट्रिक मशीन में इन-आउट दोनों अनिवार्य रूप से दर्ज हों। प्रबंधन का मानना है कि इससे कार्य संस्कृति में पारदर्शिता आएगी और अनियमितता पर रोक लगेगी।

# जिले में मनाया जा रहा रजत जयंती चावल उत्सव

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा रजत जयंती चावल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिले के सभी पंचायतों एवं नगर पालिका क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से संचालित हो रहा है। कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशन में सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में कार्यक्रम आयोजित कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान शेष राशन कार्डधारियों की ई-केवाईसी पूर्ण कराने, वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने तथा स्टॉक एवं पंजी अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए हैं।उत्सव के अंतर्गत उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसमें उपभोक्ता अधिकारों, उत्पाद खरीदी के समय सावधानियों, अपमिश्रण एवं नकली वस्तुओं से संबंधित जानकारी दी जा रही है। साथ ही हैंडबिल, पोस्टर एवं पैम्पलेट का नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है।उत्सव के दौरान ग्राम संबलपुर, लटोरी में गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। रजत जयंती चावल उत्सव के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया जा रहा है।



# पुलिस ने पकड़ा वर्षों से फरार 7 स्थाई एवं 4 गिरफ्तारी वारंटी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले की पुलिस ने वर्षों से फरार 7 स्थाई एवं 4 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा है। बताया गया है कि अपराधों की रोकथाम हेतु एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना-चौकी प्रभारियों को स्थाई-गिरफ्तारी वारंट तामीली प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में चौकी बसदेई पुलिस ने धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी, गाली-गलौज के मामले में वर्षो से फरार स्थाई वारंटी दीपक उर्फ बादशाह बजरंगी सिंह, बाजीलाल, प्रेमसाय व सूरज प्रसाद तथा गिरफ्तारी वारंटी जारूल खान, घरभरन काशी, नंदकुमार कुशवाहा, रामकुमार पैंकरा को दबिश देकर पकड़ा है। वहीं थाना भटगांव पुलिस ने चोरी व जुआ एक्ट के मामले में फरार स्थाई वारंटी हीरामन राजवाड़े ग्राम अनरोखा व शमीम उर्फ सोनू खान ग्राम अधिना को पकड़कर न्यायालय में पेश किया है।



# जिले के दौरे पर पहुंचे छ.ग. दिव्यांगजन वित्त एवं निगम अध्यक्ष

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कांवड़िया और संचालक हरेन्द्र पटेल ने मंगलवार को जिले का दौरा किया। इस दौरान निगम से ऋण प्राप्त दिव्यांगजनों की ऋण चुकौती स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। श्री कांवड़िया ने उन दिव्यांग हितग्राहियों को सम्मानित किया जो निगम से ऋण प्राप्त कर ऋण की अदायगी कर चुके हैं। अध्यक्ष ने शॉल और श्रीफल देकर हितग्राहियों का सम्मान किया। साथ ही, जो हितग्राही किसी कारणवश ऋण भुगतान नहीं कर पा रहे हैं, उनसे संवाद कर उन्हें शीघ्र ऋण चुकाने के लिए प्रेरित किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि निगम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि ऋण राशि का समय पर भुगतान होने से अन्य जरूरतमंद दिव्यांगजनों को भी इस योजना का लाभ मिल सकेगा। श्री कांवड़िया ने दिव्यांगजनों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी आर्थिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए ऋण भुगतान सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन इस योजना से लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर कलेक्टर एस. जयवर्धन, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं दिव्यांगजन उपस्थित रहे।



# गायत्री मंत्र की स्वर लहरियों के बीच 24 कुंडों पर श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां

**0 24 कुण्डीय यज्ञ में सांसद सहित सपरिवार शामिल हुए श्रद्धालु**
**0 आचार्य डॉ.अशोक ने कहा- यज्ञ के बिना सृष्टि की कल्पना असंभव**

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के प्रेमनगर में बुधवार को सामूहिक जप,ध्यान, प्रज्ञा, योग और गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। गांव के गायत्री प्रज्ञा पीठ पर आयोजित 24 कुण्डीय हवन यज्ञ में विभिन्न जाति, वर्ग, धर्म और पंथ के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सपरिवार भाग लिया। शांतिकुंज हरिद्वार से आए विद्वानों की टोली ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान पूर्वक हवन पूजन संपन्न कराया।

यज्ञ प्रक्रियाओं में पवित्रीकरण, आचमन,देव आह्वान, स्वस्तिवाचन और गायत्री स्तवन पाठ शामिल थे, जिन्हें हरिद्वार शांतिकुंज से पधारे प्रतिनिधियों ने संपन्न कराया। गायत्री मंत्र की स्वर लहरियों के बीच 24 कुंडों पर मौजूद श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां दीं। यह आयोजन का तीसरा दिन था, जहां सुबह से ही समूचा यज्ञ परिसर भक्तों से गुलजार रहा और पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। डॉ.अशोक टोके आचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि यज्ञ के बिना सृष्टि की कल्पना असंभव है। उन्होंने यह भी बताया कि जिस घर में नारी का सम्मान होता है, वहां मां लक्ष्मी निवास करती हैं। आचार्य ने गायत्री मंत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दुर्बुद्धि को सदबुद्धि में परिवर्तित करती है और परमात्मा हमारी बुद्धि को सन्मार्ग में प्रेरित करते हैं। आयोजन के मुख्य परमानन्द राजवाड़े, सुरेश गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक सुसंस्कार संपन्न व्यक्ति, परिवार और समाज की रचना का सार्थक प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन अंधविश्वास और रूढ़िवादी मान्यताओं से रहित, तर्क, तथ्य और प्रमाण पर आधारित यथार्थ की प्रस्तुति देता है। आयोजन अवसर पर सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, राजेश्वर तिवारी, संजय गुप्ता, वीरेंद्र जायसवाल, विजय साहू, देवेंद्र प्रजापति, परमानन्द यादव अजय साहू, विशाल सिंह, भईया लाल साहू, श्यामदास, चैनसाय, दिलबोध दास, विनय राजपूत, देवेंद्र साहू और सुभाष कुमार साहू सहित कई बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।



## 12 को राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय में किया गया है। यह आयोजन 10:30 बजे छट घाट के समीप स्थित आत्मानंद स्कुल में आयोजित किया जायेगा। जिसमें जिला मुख्यालय के स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी एव खिलाड़ी उपस्थित रहेंगें। प्रतिभागियों की आयु सीमा 15 वर्ष से 29 वर्ष होगी।

## निधन तरसेम लाल शर्मा

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर मुख्य बाजार निवासी गुरुवचन आयरन वर्क्स के संचालक तरसेम लाल शर्मा का आज निधन हो गया। वे 79 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 9 जनवरी को रेण नदी तट पर स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे तीन पुत्र लखबीर शर्मा, मदन शर्मा गोपी, हरि शर्मा व तीन पुत्री समेत भरापुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।



# स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, प्रत्येक नागरिक के कर्तव्य : चन्द्रमणि

## ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर हुई कार्यशाला

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** यहाँ डीपीआरसी में बुधवार को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सूरजपुर, रामानुजनगर एवं भैयाथान जनपद के 30 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं स्वेच्छाग्रही दीदियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला पंचायत विजेंद्र सिंह पाटले एवं राज्य सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं सरगुजा संभाग प्रभारी पुरुषोत्तम पंडा उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार वे अपने ग्राम में पूर्व एवं वर्तमान में कचरा संग्रहण कार्य हेतु ग्रामीणों को जागरूक कर रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। स्वच्छ गांव के लिए सामुदायिक भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला पंचायत श्री विजेंद्र सिंह पाटले ने सरपंचों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामों को खुले में शौच मुक्त मॉडल ग्राम बनाए रखने के लिए नियमित कचरा संग्रहण कार्य एवं यूजर शुल्क पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने नए व बढ़े परिवारों को पात्रता अनुसार व्यक्तिगत शौचालय का लाभ दिलाने के लिए सरपंचों को विशेष निर्देश दिए। राज्य सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण पुरुषोत्तम पंडा ने गांव में गीले और सूखे कचरे के संग्रहण एवं पृथक्करण विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा घर से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग करने की विधि समझाते हुए सरपंचों एवं स्वेच्छाग्रही दीदियों को इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने यूजर चार्जेस एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त होने वाली प्रोत्साहन राशि के विषय में भी सरपंचों से विस्तृत चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने ग्राम में निरंतर घर-घर एवं संस्थानों से कचरा संग्रहण व जागरूकता फैलाने हेतु अभियान चलाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बरोल एवं नवगई के सरपंचों ने प्रशिक्षण से प्राप्त सीख एवं अपने ग्राम में किस प्रकार कार्य करेंगे, इस संबंध में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने अन्य सरपंचों को भी प्रेरित करते हुए कहा कि नियमित कचरा संग्रहण से गांव की स्वच्छता बनाए रखी जा सकती है। कार्यक्रम के समापन पर जिला सलाहकार संजय सिंह ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और स्वेच्छाग्रही दीदियों से नियमित रूप से कचरा संग्रहण कार्य किए जाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ गांव, स्वस्थ गांव के निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यशाला में जनपद पंचायतों के अधिकारी, तकनीकी सहायक एवं स्वच्छता मित्र भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को अपशिष्ट प्रबंधन के तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



# नशे के कारोबारी आरोपी को विशेष न्यायाधीश ने सुनाई 10 वर्ष सश्रम कारावास व 1 लाख रु.अर्थदण्ड की सजा

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** विशेष न्यायाधीश ने नशे के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कारावास व 1 लाख रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

27 जनवरी 2025 को बसदेई चौकी की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम डबरीपारा तालाब के पास मेन रोड़ पर आरोपी अमजद अली अंसारी पिता शेख हामीद अंसारी 30 वर्ष ग्राम जूर को उसकी कार क्रमांक सीजी 16 सीजी 9664 से 34 नग एविल इंजेक्शन एवं 15 नग आईपीपीएल इंजेक्शन के साथ पकड़ा था। मामले में नशीली इंजेक्शन जप्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। मामले के विवेचक एसआई सकलू राम भगत के द्वारा प्रकरण में पुख्ता साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश, एनडीपीएस एक्ट न्यायालय में पेश किया। इस मामले की सुनवाई विद्वान न्यायाधीश मानवेन्द्र सिंह विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट सूरजपुर के यहां हुई। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए प्रकरण के समग्र तथ्यों, गवाहों के कथन, एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर अपराध सिद्ध होने से आरोपी अमजद अली अंसारी को स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा 21(सी) के आरोप में दस वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1 लाख रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है।



# डिजिटल सेवाओं में नियमों के उल्लंघन पर 86 सीएससी पर की गई कार्रवाई

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले में संचालित सीएससी द्वारा निर्धारित मानकों की अवहेलना किए जाने पर सीएससी मुख्यालय,

**जिले के 5 सौ निष्क्रिय आईडी पर गिरेगी गाज**

नई दिल्ली के निर्देश पर कड़ी कार्रवाई की गई है। जिले में आम जनता को डिजिटल और सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने वाले कॉमन सर्विस सेंटर अब प्रशासन की कड़ी निगरानी में आ गए हैं।

जिले में सीएससी व्यवस्था की व्यापक समीक्षा और फील्ड वेरिफिकेशन के बाद कड़ी कार्रवाई करते हुए 86 सीएससी सेंटर बंद कर दिए गए हैं, इसके साथ ही 500 से अधिक ऐसे सीएससी संचालकों की पहचान की गई है, जो लंबे समय से निष्क्रिय पाए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इन सभी निष्क्रिय सीएससी आईडी को भी चरणबद्ध तरीके से बंद किया जाएगा। सीएससी के जिला प्रबंधक एन.डी.तिवारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कई केंद्र बिना स्थायी एवं निर्धारित पते के संचालित पाए गए। कुछ संचालकों द्वारा एक ही आईडी का उपयोग विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा था। इसके अतिरिक्त कई केंद्रों पर सरकार द्वारा अनिवार्य रूप से निर्धारित कॉमन ब्रांडिंग, बैनर,सूची एवं रेट चार्ट नहीं पाए गए। वही जिला प्रबंधक ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में केवल वही कॉमन सर्विस सेंटर संचालित होंगे, जो सभी निर्धारित नियमों एवं शर्तों का पूर्ण अनुपालन करेंगे। प्रत्येक केंद्र का स्थायी कार्यालय होना अनिवार्य है। बैनर एवं सूची को निर्धारित प्रारूप में फ्रेम कराकर लगाना होगा, जिसमें स्टेट लोगो एवं सीएससी का नाम स्पष्ट रूप से अंकित हो। सभी वीएलई के लिए पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य किया गया है। साथ ही सभी लेन-देन प्रतिदिन सीएससी पोर्टल के माध्यम से ही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिन कॉमन सर्विस सेंटर की आईडी बंद की गई है, उन्हें आवश्यक सुधार कर सभी मानकों को पूर्ण करने के बाद जिला प्रबंधक से संपर्क करने का निर्देश दिया गया है।



संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 7566950555
9713108088

सरगुजा फ्रंटलाइन

# मैनपाट महोत्सव 2026 के आयोजन हेतु पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक

## हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गरिमामयी ढंग से आयोजन संपन्न करने के निर्देश

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में मैनपाट महोत्सव 2026 के आयोजन हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ विनय अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव 2026 का आयोजन फरवरी माह में संभावित तिथि 13, 14 एवं 15 फरवरी को रोपाखार जलाशय के समीप किया जाना है। बैठक में मैनपाट महोत्सव के भव्य और गरिमामय आयोजन के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा, तिथि, समय, अतिथियों, कलाकारों, प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभागीय स्टॉल, एडवेंचर एक्टिविटी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि आयोजन में स्थानीय कलाकारों, स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक अवसर मिले। उन्होंने स्थानीय दुकानदारों को कार्यक्रम स्थल पर स्टॉल आबंटन हेतु स्थान प्रदान करने निर्देशित किया, जिसमें निजी संस्थान भाग ले सकते हैं, इनसे आवेदन आमंत्रित करने कहा गया है। उन्होंने कहा कि मनोरंजन एवं खेल गतिविधियों, स्टॉल आदि के लिए स्थान प्रदान किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग, वन विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग विभागीय कार्यों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गरिमामयी ढंग से आयोजन संपन्न हो, इसके लिए शासन-प्रशासन आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें।

# नशीले इंजेक्शन के साथ दो विक्रेता गिरफ्तार

## संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम की सिलसिलेवार कार्रवाई

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम ने नशीले इंजेक्शन के दो विक्रेताओं को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने 63 नग नशीला इंजेक्शन जप्त किया है। आरोपियों को पुलिस ने जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम को 07 जनवरी को सायंकालीन गस्त के दौरान बंगाली चैक पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली अंतर्गत तकिया फिल्टर प्लांट बेनीपुर के पास दो लड़के इंजेक्शन की बिक्री कर रहे हैं। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता अपनी टीम के साथ तकिया फिल्टर प्लांट के पास छापामार कार्रवाई किए तो दो संदिग्ध लड़के मिले। इन्हें हड़बड़ाते देखकर टीम ने पूछताछ किया तो इन्होंने अपना नाम संतोष यादव निवासी तकिया और



ब्रजेश बरवा निवासी सन्ना जिला जशपुर का होना बताया। इनके पास रखे पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर 33 नग रेक्सोजेसिक इंजेक्शन और 31 नग एविल इंजेक्शन मिला। दोनों आरोपियों को टीम ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 22सी के तहत गिरफ्तार करके बुधवार को अपनी अभिरक्षा में रखा और 08 जनवरी को न्यायालय अंबिकापुर में रिमांड के लिए प्रस्तुत किया है, यहां से इन्हें जेल दाखिल करने का आदेश प्राप्त हुआ। लगातार हो रही कार्रवाई से नशे के सौदागरों में हड़कंप मचा हुआ है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि नशीले इंजेक्शन के छोटे-बड़े विक्रेता गिरफ्त में आएं, इसके लिए सतत प्रयास जारी है। सरगुजा को नशा मुक्त करने की दिशा में उच्च स्तरीय निर्देश को अमल में लाया जा रहा है। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी के साथ आबकारी उप निरीक्षक टी.आर. केहरी, मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, ओमप्रकाश गुप्ता एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# कबड्डी टीम पहली बार 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य सीनियर चैंपियनशिप में शामिल होने पहुंची





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य सीनियर महिला-पुरुष कबड्डी चैंम्पियनशिप 2025 का आयोजन 9 जनवरी से 11 जनवरी तक छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के तत्वाधान में ऐमेच्योर कबड्डी ऐसोसिएशन कोरबा के लाल मैदान दर्री में किया जा रहा है, इसमें पहली बार सरगुजा जिले की टीम शामिल होगी। बता दें कि जिला कबड्डी संघ सरगुजा की स्थापना के 2 महीने बाद सरगुजा के खिलाड़ी अब राज्य स्तर पर अपने खेल कौशल का परिचय देने के लिए तैयार हो चुके हैं। सरगुजा के खिलाड़ी गुरूवार को राज्य स्तरीय ओपन कबड्डी चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए रवाना हो गए हैं। जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर के निर्देशन में संघ के सचिव अमितेश पांडेय और सह सचिव निशांत गोल्डी सिंह, टेक्निकल हेड राजेश प्रताप सिंह, रजत सिंह ने टीम को राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप के लिए रवाना किया। बालक-बलिका दोनों ही वर्ग में आयोजित इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने बालिका वर्ग से रैमूनि पैकरा, अनिका पैकरा, गीता पैकरा, अलीशा एक्का, सुशीला पैकरा, दीपिका राजवाड़े, पाशिका पैकरा, देवन्ती पैकरा, हिमेश्वरी और निक्की पैकरा एवं बालक वर्ग में सोपाल पैकरा, जगताल, कुनाल पैकरा, नन्दकुमार, लक्ष्मी पैकरा, सिकन्दर राम, सुखदेव पैकरा, विमल सिंह, अरविंद और शेर सिंह रवाना हुए हैं। खिलाड़ियों के साथ कोच अनुज बेक भी गए हैं।

### पीडीएस भवन का ताला तोड़कर राशन चोरी

**छ.ग.फ्रंटलाइन लखनपुर।** लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोरजा में स्थित पीडीएस भवन का ताला तोड़कर चोरों ने 30 हजार 800 रुपये का राशन सामग्री पार कर दिया। घटना 6 जनवरी को रात 8 बजे से 7 जनवरी की सुबह 5 बजे के मध्य हुई।

पंचायत के सचिव शिवनारायण सिंह ने पुलिस को बताया है कि पड़ोस में रहने वाले बंधन प्रजापति से 07 जनवरी को सूचना मिला कि ग्राम कोरजा के पीडीएस भवन का ताला टूटा हुआ है। जब वह गांव के सरपंच पति सुखसाय पोर्ते एवं पंच रंजीत राजवाड़े के साथ पीडीएस भवन में गया तो दरवाजे का ताला टूटा था। अंदर जाने पर माह जनवरी 2026 के वितरण हेतु भंडारित राशन में चना 13 क्विंटल कीमत करीब 6500 रुपये, शक्कर 4 क्विंटल कीमत 6800 रुपये, चावल 7 क्विंटल कीमत 17500 रुपये नहीं था। रिपोर्ट पर लखनपुर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एकीकृत किसान पोर्टल में विशेष राहत, पंजीयन व संशोधन की समय-सीमा बढ़ी

## किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु समिति लॉगिन में दी गई अतिरिक्त सुविधाएं

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जिले के कृषकों को एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन एवं विवरण संशोधन से संबंधित कठिनाइयों से राहत दिलाने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं पटवारियों द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन के आधार पर समिति लॉगिन में पंजीयन एवं संशोधन से जुड़ी सुविधाओं का विस्तार किया गया है। किसानों द्वारा लगातार खसरा एवं रकबा सुधार, कैरी फारवर्ड, फसल विवरण प्रविष्टि, नवीन पंजीयन तथा रकबा संशोधन जैसी समस्याओं को लेकर आवेदन किए जा रहे थे। इन व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए शासन ने एकीकृत किसान पोर्टल में अतिरिक्त प्रावधान करते हुए विभिन्न कार्यों के लिए अलग-अलग समय-सीमा निर्धारित की है। कैरी फारवर्ड की सुविधा 15 जनवरी तक उपलब्ध रहेगी। वन अधिकार पट्टाधारी कृषकों का नवीन पंजीयन भी दिनांक 15 जनवरी तक किया जा सकेगा। त्रुटिपूर्ण आधार के प्रकरणों में पूर्व पंजीयन निरस्त कर नवीन पंजीयन की सुविधा 15 जनवरी तक प्रदान की गई है। राजस्व विभाग द्वारा की गई गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन के आधार पर जिला कलेक्टर की अनुशंसा से नवीन पंजीयन भी 15 जनवरी तक किया जा सकेगा। सभी प्रकार के संशोधन (जैसे फसल विवरण, रकबा, अन्य त्रुटि सुधार) की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है। इस पहल से किसानों को न केवल तकनीकी और दस्तावेजी परेशानियों से राहत मिलेगी, बल्कि उन्हें कृषि योजनाओं एवं समर्थन मूल्य से जुड़ी सुविधाओं का लाभ भी समय पर प्राप्त होगा। प्रशासन ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश देकर किसानों के पंजीयन एवं संशोधन कार्य को प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में पूर्ण कराएं।

न्यायालय नायब तहसीलदार, दरिमा जिला सरगुजा ( छ0ग0 )
ईश्तहार
रा.प्र.क.//अ-121/25-26
ग्राम बकालो तहसील दरिमा
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि, आवेदक श्री अनिल जायसवाल आ0 श्री भोला प्रसाद जायसवाल निवासी ठनगनपारा अम्बिकापुर के द्वारा ग्राम बकालो तहसील दरिमा के ख0न0 314 रकबा 0.312 हे0 क्षेत्र पर एक समय में अधिकतम 4250 टन गौण खनिज मिटटी ईट भण्डारण की अनुमति 10 वर्ष हेतु दिनांक 22/12/2025 को कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला सरगुजा (छ0ग0) के समक्ष बी-1, खसरा नक्शा, एवं ग्राम पंचायत बकालो की कार्यवाही बैठक दिनांक 15/11/2025 की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय को जो विन्दुवार इस न्यायालय को जाँच हेतु प्राप्त है। अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत किसी भी का दावा/आपत्ति प्राप्त होने पर इस पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 06./01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी।
नायब तहसीलदार,
दरिमा जिला सरगुजा.

# कीटनाशक सेवन के तीन मामलों में 2 महिला सहित 3 की गई जान

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कीटनाशक सेवन के तीन मामलों में दो महिला और एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक सरगुजा जिला के धौरपुर थानांतर्गत ग्राम डकई निवासी सुधनी पति बृजमोहन 46 वर्ष, तीन जनवरी को अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर ली। स्वजन उसे अंबिकापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए थे, यहां बुधवार को दोपहर करीब 12.30 बजे उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस ने मृतिका के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

दो अन्य मामलों में सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम घोड़ापारा निवासी रतनपुरहिन पति प्लस राम 51 वर्ष की कीटनाशक का सेवन करने से मौत हो गई। मृतिका 3 जनवरी को छेरता पर्व के दौरान अपने पति के साथ महुआ शराब का सेवन की थी। रात को भोजन करने के बाद पति सो गया। इस बीच रतनपुरहिन उठी और कीटनाशक का सेवन कर ली। सुबह नींद खुलने पर पति देखा कि उसकी पत्नि उल्टी की है, जिससे कीटनाशक का गंध आ रहा था। निजी वाहन से स्वजन उसे होली क्रॉस अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां से जांच, उपचार के बाद रिफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराए थे, यहां बुधवार की शाम को वह दम तोड़ दी। पुलिस तीनों मामले में मर्ग कायम की है। वहीं सूरजपुर जिला के रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम पवनपुर बिंझियापारा निवासी हीरा धन सोरी पिता अमर साय 32 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नि देवमति बताई कि 3 जनवरी को छेरता त्योहार के मौके पर उसका पति शराब पिया था, इसके बाद कब वह कीटनाशक का सेवन कर लिया इससे अनभिज्ञ थी। शाम को जब वह बकरी चराकर लौटी तो उसका पति उल्टी कर रहा था। कीटनाशक का गंध आने पर उसे सूरजपुर जिला अस्पताल ले गए, यहां से 6 जनवरी को रिफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां इलाज के दौरान 7 जनवरी को उसकी मौत हो गई।

## ऋण समय पर चुकाने वाले दिव्यांग हितग्राहियों का हुआ सम्मान

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) लोकेश कावड़िया के सरगुजा जिला दौरा कार्यक्रम अंतर्गत गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दिव्यांग हितग्राहियों के सम्मान एवं संवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम की स्वरोजगार ऋण योजना अंतर्गत ऋण प्राप्त कर उसे निर्धारित समयावधि में पूर्ण रूप से चुकाने वाले सरगुजा जिले के तीन दिव्यांग हितग्राहियों को अध्यक्ष कावड़िया ने श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित हितग्राहियों में मैनपाट की सनमतिया पिता भागवत, लुण्ड्रा के कुंवर साय, पिता राम तथा लखनपुर के मोहन दास, पिता संवरा दास शामिल हैं। अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने अपने संबोधन में दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम की स्वरोजगार योजना को पुन: प्रारंभ किए जाने की जानकारी दी और इन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु स्वरोजगार से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा शासन का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है। कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास एवं स्वरोजगार के प्रति सकारात्मक संदेश दिया गया। इस अवसर पर हरेन्द्र पटेल संचालक सदस्य, छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम, अपर कलेक्टर अमृतलाल ध्रुव, जनसम्पर्क अधिकारी तथा समाज कल्याण अधिकारी प्रभावति दास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# फाइनेंसर से बात करने के बाद कीटनाशक का सेवन किए युवक की मौत

## पिता के नाम पर फाइंनेस ट्रेक्टर का 80 हजार किस्त पटाने के लिए आया था फोन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कीटनाशक का सेवन किए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मृतकों के शव को पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया है। युवक फाइनेंसर से मोबाइल फोन में बात करने के बाद कीटनाशक का सेवन किया था।



बलरामपुर जिला के ग्राम धनगांव निवासी मृतक के पिता मंगल सना ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया है कि दो साल पहले उनके नाम पर महेंद्रा फोर विल ट्रेक्टर फाइनेंस हुआ था, जिसका पहला किस्त एक लाख 50 हजार रुपये उन्होंने पटा दिया था। इसके बाद उनका लड़का का तनमय सना 29 वर्ष, ट्रेक्टर चलवा रहा था। 6 जनवरी को शाम करीब 6-7 बजे फाइनेंस कंपनी से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि दूसरा किस्त 80 हजार रुपये का अदा करना है। इसकी जानकारी वह अपने पुत्र तनमय को देते हुए कहा कि ट्रेक्टर से तुम काम करा रहे हो, इसका किस्त पटा दो। इसके बाद तनमय मोबाइल फोन से फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से कुछ बात किया और शाम करीब 7.30 बजे कीटनाशक दवा का सेवन करके घर के सामने उल्टी कर रहा था। कीटनाशक का गंध आने पर वे उसे बलरामपुर जिला अस्पताल लेकर गए, यहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने 6 जनवरी को ही देर रात उसे रेफर कर दिया था। इसके बाद शासकीय एम्बुलेंस से तनमय को लेकर वे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर पहुंचे, यहां 7 जनवरी को अलसुबह 3.33 बजे जांच के बाद चिकित्सक ने उसे भर्ती कर लिया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर के मेडिकल आईसीयू में उपचार के दौरान 8 जनवरी को सुबह 11 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद बलरामपुर जिला पुलिस मामले में अग्रिम जांच, कार्रवाई करेगी।

### फांसी पर लटका था युवती का शव, जांच में जुटी पुलिस

**छ.ग.फ्रंटलाइन लखनपुर।** सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम निम्हा मोहारी पारा में 22 वर्षीय युवती बाबी दास पिता सुखन राम, मूल निवासी मूटकी का शव बुधवार की सुबह पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। युवती मंगलवार रात 10 बजे शौच के लिए घर से निकली थी और वापस नहीं लौटी। पुलिस ने शव का मौके पर पंचनामा कराया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मामला हत्या का है या आत्महत्या का, इसकी जांच जारी है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर